23 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 243


सीएसआर फंड का इस्तेमाल खेलकूद, स्वास्थ्य शिक्षा, कला संस्कृति, पेयजल पर करने पर जोर





FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ क्यो ?..........इसलिए ! मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


## इरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद बढ़ा तनाव

# मोदी ने इरान के राष्ट्रपति से की बात, शांति की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इरान-इसराइल संघर्ष के बीच अमेरिका की तरफ से इरान पर हमला किया गया। इससे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया, तो दुनिया भर में चिंता बढ़ गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया की इस चिंता से इरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत की और पश्चिम एशियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव और हालिया घटनाक्रमों पर गंभीर चर्चा की। मोदी ने सभी पक्षों से शांति की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत की जानकारी एक्स पर एक पोस्ट में साझा की है। पीएम मोदी ने लिखा, हमने वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। हालिया तनावों पर गहरी चिंता व्यक्त की। तुरंत तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति को आगे बढ़ाने का आह्वान दोहराया, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता शीघ्र बहाल हो सके। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और आपसी सहयोग को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से यह मानता रहा है कि संवाद और कूटनीति ही किसी भी संकट का समाधान हैं। पीएम मोदी और मसूद पेजेशकियन के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें क्षेत्र में शांति की बहाली पर टिकी हैं।

**पीएम मोदी से 45 मिनट हुई बातचीत :** इरानी परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर इरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन ने यह कॉल किया था। राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बातचीत 45 मिनट तक चली। राष्ट्रपति ने भारत को क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने वाला मित्र और साझेदार बताया और भारत के रुख और तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति के आह्वान के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की बहाली में भारत की आवाज और भूमिका महत्वपूर्ण थी। इरान के राष्ट्रपति ने अमेरिका पर इरान के खिलाफ हमलों का मुख्य जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। पेजेशकियन ने कहा कि अमेरिका हमेशा हमले के पीछे रहा, लेकिन इरान की सेनाओं के आगे और इसराइल के कमजोर पड़ने पर अमेरिका का चेहरा बेनकाब हो गया।


फाइल फोटो

### अमेरिकी हमलों ने बढ़ाया खतरा: संयुक्त राष्ट्र

उधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका के हमलों से गंभीर रूप से चिंतित हैं। अब इस बात का खतरा बढ़ रहा है कि इसराइल-इरान संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है। इसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए भयावह परिणाम होंगे। मैं सदस्य देशों से तनाव कम करने का आह्वान करता हूं। कोई सैन्य समाधान नहीं है। आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है।

### अमेरिका के 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' में शामिल थे 125 से ज्यादा विमान, दो परमाणु ठिकाने तबाह

वाशिंगटन। अमेरिका ने रविवार को तड़के इरान के खिलाफ एक बेहद गुप्त और बड़ी सैन्य कार्रवाई की। इस ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' रखा गया है। पेंटागन के मुताबिक इस ऑपरेशन में अमेरिका के 125 से ज्यादा लड़ाकू विमान और मिसाइलें शामिल थीं। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने रविवार को बताया कि यह हमला इरान के दो प्रमुख परमाणु केंद्रों- फोर्दो और नतांज- पर किया गया। इसके साथ ही इस्फहान शहर में भी मिसाइलें दागी गयीं। जनरल डैन केन ने कहा, हमने इरान के उन ठिकानों को निशाना बनाया, जो सीधे उनके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े थे। ऑपरेशन को इस तरह अंजाम दिया गया कि आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने बताया कि 125 से ज्यादा अमेरिकी विमान इस ऑपरेशन में शामिल थे। इनमें बमवर्षक, फाइटर जेट, टैंकर (तेल भरने वाले विमान) और जासूसी विमान थे। इसमें बी-2 स्टील्थ बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल हुआ, जो मिसौरी से उड़कर आये थे। हर बमवर्षक ने 30,000 पाउंड वजन के खास बम गिराये, जिन्हें 'मैसिव ऑर्डिनेंस पेनेट्रेटर' कहा जाता है। ये बम जमीन के भीतर छिपे ठिकानों को नष्ट करने में सक्षम हैं। यह हमला रात 6:40 बजे (पूर्वी समयानुसार) शुरू हुआ और सात बजे तक सभी विमान इरानी हवाई क्षेत्र से निकल चुके थे। इस मिशन को 9/11 के बाद बी-2 बमवर्षकों की सबसे लंबी उड़ान बताया गया।



उन्होंने कहा कि यह पूरा मिशन महज 25 मिनट में निपटाया गया। पेंटागन ने इसे शानदार सैन्य सफलता बताया है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने कहा कि यह हमला ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को वर्षों पीछे ले जायेगा। रक्षा मंत्री पीट हगसेथ ने बताया कि यह कार्रवाई अमेरिका की सुरक्षा और पश्चिम एशिया में शांति बनाये रखने के लिए जरूरी थी। उन्होंने कहा, अगर इरान शांति का रास्ता नहीं अपनाता, तो अमेरिका आगे भी सख्त कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस से एक बयान में कहा कि हमने इरान के परमाणु ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। अगर इरान ने सुधरने की कोशिश नहीं की तो और हमले किये जायेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका युद्ध नहीं चाहता, लेकिन इरान की ओर से खतरे को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

## रांची के नामकुम में बड़ा हादसा

# सिविल कोर्ट के पेशकार समेत तीन लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम में शनिवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। इनमें रांची सिविल कोर्ट के पेशकार भी शामिल हैं। नामकुम थाना प्रभारी ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गयी। इस दुर्घटना में कार सवार की भी मौत हो गयी। हादसे में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक की मौत हो गयी।

**कैसे हुआ हादसा :** डीएसपी हेडक्वार्टर वन अमर पांडेय ने बताया कि नामकुम के दुर्गा सोरेन चौक के पास स्थित पुल पर यह हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार चालक ने पहले स्कूटी सवार प्रवीर हांसदा को धक्का मारा। उसके बाद पैदल चल रहे शिक्षक सोम सिन्हा को चपेट में लिया और फिर टक्कर और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर खुद भी हादसे का शिकार हो गया।


प्रवीर हांसदा

**चप्पल से हुई पहचान :** सोम सिन्हा के परिजनों ने बताया कि रात में 10 बजे सोम सिन्हा ने पैदल ही घर लौटने की बात कही थी। काफी देर तक सोम घर नहीं पहुंचे, तो उनकी खोजबीन की गयी। तब दसे वाली जगह पर उनकी चप्पल देख कर उनकी पहचान की गयी।


ST. MICHAEL'S PUBLIC SCHOOL
CBSE BOARD, CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
(Run By St. Michael's Educational Trust & School Managing Committee)
HAPPY FOUNDATION DAY
"Hearty Congratulations to all Azad Sipahi family"
ADMISSION OPEN Baby Pre Nur. to Std. IX
गरीब बच्चों के नामांकन में विशेष छूट की सुविधा
ADD :- PUNDAG (NEAR ISM), RANCHI-04
Mob.: 9905316625, 9431326615


### राजा रघुवंशी हत्याकांड में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

इंदौर। मेघालय पुलिस के एक विशेष जांच दल (एसआइटी) ने इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या मामले में एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। उसे शनिवार देर रात मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया।

# पहलगाम के आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार

**एनआइए ने दबोचा, चार मुख्य आरोपी अब भी फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तान से आये लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को पनाह देने में शामिल थे। गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम परवेज अहमद जोठर (बाटकोट, पहलगाम) और बशीर अहमद जोठर (हिल पार्क, पहलगाम) हैं। एनआइए की जांच में सामने आया है कि इन दोनों ने तीन हथियारबंद आतंकियों को हमला करने से पहले अपने इलाके में एक अस्थायी झोपड़ी (ढोक) में ठहराया।

# डीजीसीए की एअर इंडिया को लाइसेंस निलंबित करने की चेतावनी

**संचालन नियमों की लगातार अनदेखी के कारण सख्ती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशक (डीजीसीए) ने एअर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। यह कदम पायलट ड्यूटी शेड्यूलिंग और निगरानी में लगातार और गंभीर उल्लंघनों के कारण उठाया गया है। इससे पहले शनिवार को डीजीसीए के आदेश पर एअर इंडिया को तीन अफसरों को हटाया गया था। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गयी। डीजीसीए ने कहा है कि भविष्य में क्रू शेड्यूलिंग, लाइसेंसिंग या फ्लाइट समय से जुड़े किसी भी नियम का उल्लंघन पाया गया, तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसमें जुर्माना, लाइसेंस निलंबन या ऑपरेटर परमिशन रद्द करना शामिल हो सकता है।

# झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी का आजसू ने किया आह्वान

- बलिदान दिवस के रूप में मना आजसू का स्थापना दिवस
- झामुमो पर झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी का आरोप
- राज्य के नवनिर्माण का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को 'बलिदान दिवस' के रूप में मनाया गया। टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने झामुमो पर झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी करने का आरोप लगाया और कहा कि आजसू ने संघर्ष किया। आजसू ने 1986 से 2000 तक सांसद-विधायक बनाये बिना संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार चोरी और लूट नहीं, जनता के अधिकारों की डकैती में जुटी है। जनता इस सरकार से मात्र छह माह में ही त्रस्त हो चुकी है। आजसू कार्यकर्ता इस सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी करें। सुदेश ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने की घोषणा का आजसू स्वागत करती है। हमारी मांग है कि जाति के आधार पर आरक्षण दिया जाये। आजसू सुप्रीमो ने कहा कि झारखंड निर्माण में बंगाल और ओड़िशा के साथियों की भी भूमिका रही है। आजसू ने झारखंड के लिए संघर्ष किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग राज्य निर्माण किया।

सुदेश ने कहा कि आज से आजसू एक नये तेवर में दिख रही है। अब राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लेकर यहां से हमलोग जायेंगे। राज्य को एक नयी सोच के साथ आगे लेकर जाने की आवश्यकता है। वर्तमान सरकार झूठ और गुमराह कर राजनीति कर रही है। महिलाओं को सत्ता हासिल करने का आधार बनाया गया और अब छह लाख महिलाओं का नाम मंईयां योजना से काटा जा रहा है। इसका जवाबदेह कौन होगा। सारा तंत्र जनता को धमकाने में लगा है। जमीन के नाम पर सारा अपराध हो रहा है। एक जमीन की छह बार रजिस्ट्री हो रही है और सीओ तथा थाना फर्जीवाड़ा करने वालों के पक्ष में वास्तविक मालिक को प्रताड़ित करते हैं। राज्य में न तो नियोजन नीति बनी, न विस्थापन नीति और न ही स्थानीय नीति। इस सरकार को जनता की कोई चिंता नहीं।



समारोह को केंद्रीय उपाध्यक्ष सह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, डोमन सिंह मुंडा, संजय बसु मल्लिक, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, बादल महतो, नजरुल हसन हाशमी, यशोदा देवी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, संजय मेहता, बबलू महतो, टिकैत महतो समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। समारोह में झारखंड के 24 जिलों एवं 264 प्रखंडों से कार्यकर्ता भाग लेने पहुंचे। समारोह में बंगाल के मेदिनीपुर, पुरुलिया और ओड़िशा के कई इलाकों रायरंगपुर, बारीपाडा आदि से भी कार्यकर्ता पहुंचे।


USHA MARTIN UNIVERSITY
NAAC A GRADE
ISO 9001 : 2015 Certified
Member of Association of Indian Universities (AIU)
Recognized by University Grants Commission (UGC)
Approved by: BCI | PCI | INC | AICTE
The Future Starts Here
ADMISSION OPEN 2025-26
Upto 3 CRORES Worth Scholarships for Meritorious & Deserving Students
EXCELLENT Internships & Placement Opportunities
World Class SPORTS FACILITIES
Guru Ji Credit Card Facility Available
BBA | MBA
B.COM (Hons.)
B.COM Accountancy & Taxation
BCA | MCA
B.Tech (Electrical & Electronics, Mechanical, Mining, Computer Science, Civil)
B.Tech (Lateral Entry)
Diploma in Engineering (Mining, Civil, Electrical & Electronics, Computer Science, Mechanical) APPROVED BY AICTE
BA (English) Hons.
MA (Education) | MA (English)
B.Sc Agriculture (Hons.)
M.Sc Agriculture
D.Pharm | B.Pharm
B.Sc Forensic Science
Bachelor in Physiotherapy (BPT)
B.Sc Medical Lab Technology (MLT)
B.Sc Radiography & Imaging Technology
B.Sc Operation Theatre Technology (OT)
B.Sc (Nursing) | B.Sc (PCM) | GNM
B.A. LL.B (Integrated)
B.B.A. LL.B (Integrated) | LL.M
PG Diploma in Tribal LAW
Bachelor in Journalism & Mass Communication (BJMC)
PROGRAMMES with Specialization
B. TECH CSE: AI & ML, Data Science, Cyber Security
BBA/MBA: Business Intelligence & Data Analytics, Banking, Finance & Insurance
BCA/MCA: Blockchain, Mobile Computing, Cyber Security Data Science
100% PLACEMENT ASSISTANCE
SALIENT FEATURES
UGC-Approved University
Excellent Placement Record with Top Multinationals.
Excellent sports facility with Coach.
Upto 100% Scholarships for meritorious students
Learning and Joint Certificates from leading Foreign Universities.
Air-conditioned Hostels for Boys & Girls.
University Transportation Facility Available
Academic MoU with a reputed Foreign University.
OUR PLACEMENT ASSOCIATES
APPLY NOW
★★ Ranked NO. 1 UNIVERSITY in Jharkhand by OPEN MAGAZINE ★★
+91 8055 200 400 | +91 9952 923 636
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# इरान पर अमेरिकी हमले का भारत पर नहीं होगा कोई असर

## ■ पर चीन तक तो जरूर पहुंचेगी इस कार्रवाई की आग

## ■ मध्य पूर्व के हालात दुनिया की कूटनीति को नया रास्ता दिखायेंगे

**आजाद सिपाही विशेष**

इरान और इसराइल के बीच जारी संघर्ष न केवल मध्य पूर्व को, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। इस टकराव का असर वैश्विक ऊर्जा बाजारों, व्यापारिक मार्गों और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति तक महसूस किया जा रहा है। 13 जून को इसराइल ने 'ऑपरेशन राइज़िंग लायन' के तहत इरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किये। इसराइल का दावा है कि यह कार्रवाई इरान की परमाणु हथियार प्राप्त करने की महत्वाकांक्षा को रोकने के लिए जरूरी थी। जवाबी कार्रवाई में इरान ने तेल अवीव पर मिसाइल हमले किये। अब अमेरिका ने पहली बार इरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया है और इसके साथ ही युद्ध की आग अचानक भड़क गयी है। यह संघर्ष केवल दो देशों की आपसी रंजिश नहीं है। इसके रणनीतिक, राजनीतिक और आर्थिक परिणाम पूरी दुनिया पर पड़ रहे हैं। भारत के लिए यह स्थिति और भी जटिल है। एक ओर वह इसराइल के साथ रक्षा साझेदारी को मजबूती दे रहा है, वहीं दूसरी ओर इरान के साथ उसके गहरे रणनीतिक और आर्थिक हित जुड़े हैं। इस बीच रूस और चीन भी क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं। वे मध्यस्थता की पेशकश तो कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में उनका ध्यान इस क्षेत्र में अमेरिकी प्रभाव को चुनौती देने पर केंद्रित है। इन परिस्थितियों में कई अहम सवाल उठते हैं। क्या इसराइल अपने सैन्य अभियानों के जरिये संघर्ष को और बढ़ा रहा है। भारत कैसे इसराइल और इरान के साथ रिश्तों में संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है और आज के समय में इसके क्या असर हो सकते हैं। इन तमाम सवालों के बीच अमेरिका द्वारा इरान पर किये गये हमले का भारत में क्या होगा असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

इरान-इसराइल संघर्ष में अमेरिका के कूदने के बाद स्थिति और गंभीर हो गयी है। इसराइल और इरान के बीच सैन्य संघर्ष बढ़ने के साथ ही इरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी दी है। यह इरान के उत्तर में और ओमान और संयुक्त अरब अमीरात के दक्षिण में स्थित है। यह सऊदी अरब, इरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात से तेल निर्यात का मुख्य रास्ता है। कतर से आने वाली कई तरलीकृत प्राकृतिक गैस शिपमेंट भी इसी रास्ते से गुजरती है। अगर इरान इस रास्ते को बंद कर देता है, तो इसका असर चीन पर भी पड़ेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के तेल का पांचवां हिस्सा और एलएनजी का बड़ा हिस्सा गुजरता है। भारत अपने तेल का लगभग 40% और गैस का लगभग आधा हिस्सा इसी होर्मुज जलडमरूमध्य से आयात करता है। इसराइल के इरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद होर्मुज जलसंधि के बंद होने की आशंका बढ़ गई है। इरान के कट्टरपंथियों ने इसे बंद करने की धमकी दी है। इरानी मीडिया ने चेतावनी दी है कि तेल की कीमत 400 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है।

### भारत के लिए क्यों चिंता की बात

जब पिछले हफ्ते इसराइल ने इरान पर हमला किया, तो एक ध्रुवीकृत वैश्विक माहौल में भारत के लिए किसी एक पक्ष का समर्थन करना आसान नहीं था। हालांकि करीब एक महीने पहले जब भारत ने पाकिस्तान के कुछ इलाकों में सैन्य कार्रवाई की थी, तब इसराइल ने भारत का खुल कर समर्थन किया था। यह इसराइल के लिए एक सहज निर्णय था, क्योंकि पाकिस्तान अब तक इसराइल को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता नहीं देता है। वहीं दूसरी ओर भारत और ईरान के बीच लंबे समय से मजबूत और सभ्यतागत स्तर के संबंध रहे हैं। दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव गहरे हैं। ऐसे में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह बिना अपने दीर्घकालिक हितों को नुकसान पहुंचाये इस संघर्ष में किसके साथ खुलकर खड़ा हो सकता है।

यह बात जगजाहिर है कि भारत के मध्य एशिया में कई अहम हित जुड़े हुए हैं। भारत के लिए तेल का आयात, खाड़ी देशों के साथ व्यापारिक संबंध और सबसे बड़ी बात- वहां रह रहे 90 लाख से ज्यादा भारतीय बहुत महत्वपूर्ण हैं। अगर युद्ध बढ़ता है, तो इस पूरे क्षेत्र को इससे अलग नहीं किया जा



सकता है। इरान के परमाणु ठिकानों को जो निशाना बनाया जा रहा है, अगर कहीं जरा सी भी चूक हुई और रेडिएशन हवा में फैल गया, तो उसका असर बहुत भयावह हो सकता है। वैसे भारत के लिए इसराइल और इरान दोनों के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और भारत नहीं चाहेगा कि तनाव और बढ़े, क्योंकि उसका असर सभी पर पड़ेगा। इन तमाम पहलुओं को देखते हुए हर देश–चाहे भारत हो या कोई और–सीजफायर को ही सबसे उचित विकल्प मानेगा, लेकिन फिलहाल इस निर्णय का दारोमदार अमेरिका पर है।

### चीन को कितना नुकसान

केप्लर का विश्लेषण होर्मुज जलसंधि के पूरी तरह से बंद होने की संभावना को बहुत कम मानता है, क्योंकि इरान के लिए ऐसा करना नुकसानदायक होगा। चीन, इरान का सबसे बड़ा तेल ग्राहक है। वह अपने समुद्री तेल का 47% मध्य पूर्व की खाड़ी से आयात करता है। अगर यह रास्ता बंद हो जाता है, तो चीन पर सीधा असर पड़ेगा। इसके अलावा इरान भी अपने तेल निर्यात के लिए इसी रास्ते पर निर्भर है। खरग द्वीप से उसका 96% तेल निर्यात होता है। इसलिए खुद ही इस रास्ते को बंद करना चीन के साथ इरान के लिए भी नुकसानदायक होगा।

### दूसरे देशों से खराब हो सकते हैं रिश्ते

इरान ने पिछले दो सालों में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के साथ अपने रिश्ते सुधारने की कोशिश की है। ये दोनों देश भी अपने तेल निर्यात के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य रास्ते पर निर्भर हैं। उन्होंने इसराइल के हमलों की निंदा भी की है। ऐसे में इरान अगर जलसंधि को बंद करता है, तो इन देशों के साथ उसके रिश्ते खराब हो सकते हैं।

### भारत पर कितना असर

भारत की तेल आयात करने की रणनीति पिछले दो सालों में काफी बदल गयी है। रूसी तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से दूर है। यह स्वेज नहर, केप ऑफ गुड होप या प्रशांत महासागर के रास्ते आता है। भारतीय रिफाइनरियों ने तेल रिफाइन करने और भुगतान करने के तरीके में बदलाव किया है। अब वे अलग-अलग तरह के कच्चे तेल को रिफाइन कर सकती हैं। अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से तेल खरीदना महंगा है, लेकिन ये भी भारत के लिए विकल्प हैं। ऐसे में होर्मुज जलडमरूमध्य रास्ता बंद होने से भारत पर बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### ये भी हैं भारत के पास विकल्प

अगर युद्ध और गहरा होता है या होर्मुज में कोई दिक्कत आती है, तो भारत रूस से ज्यादा तेल खरीदेगा। इससे भारत को तेल की उपलब्धता और कीमत, दोनों में राहत मिलेगी। भारत अमेरिका, नाइजीरिया, अंगोला और ब्राजील से भी ज्यादा तेल खरीद सकता है, लेकिन इसमें माल ढुलाई का खर्च ज्यादा आयेगा। इसके अलावा भारत अपनी रणनीतिक तेल भंडार का भी इस्तेमाल कर सकता है। इससे 9-10 दिनों तक तेल की जरूरत पूरी की जा सकती है।

कुल मिला कर इसराइल-इरान संघर्ष में अमेरिका के कूदने का भारत पर कोई खास असर पड़ने की संभावना फिलहाल नहीं दिखती है। वैश्विक कूटनीति में भारत आज जिस नेतृत्व की मुद्रा में खड़ा है, वहां इसके असर की परीक्षा जरूर होगी, लेकिन फिलहाल तो भारत 'विन-विन' की स्थिति में है।

---

झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 के प्री मीट में 30 जनजातीय समुदाय के अगुवाओं ने लिया भाग

# सीएसआर फंड का इस्तेमाल खेलकूद, स्वास्थ्य शिक्षा, कला संस्कृति, पेयजल पर करने पर जोर

**कॉन्क्लेव का उद्देश्य राज्य में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को और अधिक प्रभावशाली और सशक्त बनाना है।**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मिशन ब्लू फाउंडेशन और आइ-श्री फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 22 और 23 अगस्त को होटल चाणक्य बीएनआर, रांची में किया जायेगा। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य कॉर्पोरेट, एनजीओ, सिविल सेवाओं के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान कर राज्य में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को और अधिक प्रभावशाली और सशक्त बनाना है। इस आयोजन को लेकर रविवार को स्थानीय होटल में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव प्री मीट का आयोजन किया गया। प्री मीट का थीम 'ट्राइबल वेलफेयर' था। इस प्री मीट में झारखंड के 30 जनजाति समुदाय के प्रतिनिधिमंडल और लगभग 200 लोगों ने पूरे राज्य से आये प्रतिनिधि शामिल हुए और अपना विचार व्यक्त किये। अलग अलग जिलों से आए प्रतिनिधिमंडल ने सीएसआर फंड का इस्तेमाल किस क्षेत्र और प्राथमिक की स्तर पर कैसे हो, इसका सुझाव दिये। जनजाति समुदाय के अगुवा लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, पारंपरिक कला संस्कृति, पेयजल, अंधविश्वास जैसे कई विषयों पर सीएसआर फंड का इस्तेमाल करने की बात कहीं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने कहा कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल आपसी समन्वय बनाकर इस्तेमाल किया जाये, तो आदिवासी समाज का समग्र विकास होगा। झारखंड के संसाधन को भी बचा सकते है। झारखंड में सीएसआर पॉलिसी बनी है, लेकिन इसमें अभी सुधार की जरूरत है। हमारी कोशिश रहेगी कि इस पॉलिसी की कमियों को दूर किया जाये। सीएसआर कॉन्क्लेव प्री मीट के माध्यम से आए सुझाव से झारखंड में सीएसआर फंड का इस्तेमाल सही ढंग से उपयोग करने में मदद मिलेगी।

पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल सही जगह हो यह बहुत जरूरी है। फंड का इस्तेमाल खास तौर पर झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि पर खर्च हो।

मिशन ब्लू फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव के प्री मीट में एक रूपरेखा तैयार होगा, ताकि आने वाले समय में सीएसआर फंड का इस्तेमाल पारंपरिक कला संस्कृति, खान पान आदि का विकास हो। कॉर्पोरेट कंपनियों के बीच एक समन्वय बनाकर फंड का इस्तेमाल झारखंड के विकास पर हो, इस पर फोकस किया जायेगा। कॉन्क्लेव में राज्यभर में कार्यरत हजारों एनजीओ के प्रतिनिधि और 200 से अधिक से सरकारी एवं निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम कंपनियों और सामाजिक संस्थाओं के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आजीविका जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास किए जा सकें।

आई-श्री फाउंडेशन के राजीव गुप्ता ने कहा कि झारखंड के विकास में जनजाति समुदाय की भागीदारी बहुत ही हम है। झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव में कारपोरेट कंपनियां शामिल हो रही है, जो झारखंड के विकास के लिए फंड का इस्तेमाल करती है।

इस आयोजन में इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स भी सहयोग कर रहा है। इस अवसर पर सेल बोकारो के जीएम हेमू टोप्पो, बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद साह, राजू पोद्दार, पीएचडी चैंबर के मंतोष कुमार, राहुल कुमार, बिंदेश्वर उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

---

# कल 264 प्रखंडों में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन : आदित्य साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपई सोरेन सहित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक अलग अलग प्रखंडों में नेतृत्व करेंगे। राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, गरीबों के पेंशन, किसानों के बकाये राशि, रोजगार देने, पेसा कानून लागू कराने, भाषा विवाद को ठीक करने, स्थानीय नीति, नियोजन नीति जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करेगी। आगामी 24 जून को भाजपा कार्यकर्ता राज्य के सभी 264 प्रखंडों में आक्रोश प्रदर्शन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने दी।

श्री साहू ने कहा कि हेमंत सरकार पार्ट 2 की कार्यशैली, नीति और नीयत में कोई परिवर्तन नहीं आया है। यह सरकार फिर से राज्य के खजानों, खनिज संपदा को लूटने लुटवाने में लगी है। राज्य के पंचायतों से लेकर सचिवालय तक आकंठ भ्रष्टाचार है। कोई काम बिना पैसे का चढ़ावा चढ़ाये नहीं हो रहा। गरीब जनता अपने छोटे छोटे काम के लिए दर दर भटक रही। दलाल बिचौलिए सत्ता में हावी है। कहा कि राज्य सरकार निकाय चुनाव को लगातार लटकाये रखी है। नियोजन नीति और भाषा विवाद में बेरोजगार युवक ठगे जा रहे। सड़क, बिजली, अस्पताल, दवाई, पढ़ाई सभी व्यवस्था चौपट हो चुकी है। कहा कि राजधानी रांची सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह भय व्याप्त है। लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं आम हो चुकी है। किसानों के धान के बकाए का भुगतान राज्य सरकार ने लटकाये रखा है। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन की राशि महीनों से नहीं मिल रही। कहा कि इन सारे हालातों से जनता में आक्रोश है। भाजपा राज्य के जनभावनाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी गावां प्रखंड में, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय धनवार, जमुआ प्रखंड में, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा खरसावां, रघुवर दास जमशेदपुर, चंपाई सोरेन सरायकेला, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू कांके, डॉ प्रदीप वर्मा नगड़ी, मनोज कुमार सिंह मेदिनीनगर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी चंदनक्यारी में आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। श्री साहू ने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य प्रखंडों में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे।

---

# जनता को गुमराह करने की कोशिश, मुद्दों से भटका रही है भाजपा : विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झामुमो ने आगामी 24 जून को भाजपा द्वारा घोषित आक्रोश प्रदर्शन को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए तीखा हमला बोला है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा राज्य की स्थिर सरकार को अस्थिर करने और जनता को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश में एक बार भी जुटती दिख रही है। दिशाहीन भाजपा अपनी ताबूत में अंतिम कील ठोकने की दिशा में अग्रसर है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा को जनता ने 2019 में पूरी तरह नकार दिया था। सत्ता से बाहर होते ही भाजपा को राज्य में हर जगह अव्यवस्था नजर आने लगी, जबकि सच्चाई यह है कि हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के हर वर्ग के लिए काम किया है, चाहे वह किसानों की कर्ज माफी हो, स्थानीय युवाओं के लिए नियोजन नीति हो, या महिला सुरक्षा की दिशा में उठाये गये सख्त कदम। उन्होंने कहा कि भाजपा वही पार्टी है जिसने अपने शासनकाल में न तो पेसा कानून लागू किया और न ही स्थानीय नीति बनायी। आज जब राज्य सरकार जनसरोकार से जुड़ी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है, तब भाजपा सकारात्मक विपक्ष की भूमिका में नजर आने की बजाए दो तिहाही बहुमत से सत्ता में काबिज हुई सरकार पर झूठे आरोप लगा कर न सिर्फ जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, बल्कि जनादेश का अपमान करने से भी बाज नहीं आ रही। दरअसल सत्ता से बाहर भाजपा के प्रदेश नेताओं को दिल्ली में बैठे अपने आकाओं की ताकत का गुमान है। उसी ताकत का दुरुपयोग पिछली हेमंत सरकार को परेशान करने के लिए किया और अब एक बार फिर से भाजपा अपने पतन के उसी रास्ते पर चलने जा रही है।

झामुमो ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि वे अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए प्रदर्शन की राजनीति करने वाले हैं। जहां तक बात भ्रष्टाचार की ही बात है, तो भाजपा शासनकाल में नियुक्ति घोटाला, भूमि लूट की घटनाओं को राज्य की जनता भूल नहीं पायी है। यही कारण है लगातार दो बार भाजपा को सत्ता से बेदखल रखने का जनादेश दिया है झारखंडवासियों ने। भाजपा के नेताओं को पहले अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। जनता को अब भाषण नहीं, काम चाहिए और हेमंत सरकार उसी दिशा में लगातार काम कर रही है। भाजपा चाहे जितने प्रदर्शन कर ले, राज्य की जनता अब उनके छलावे में नहीं आने वाली। जनता जानती है कि असली जनसेवा कौन कर रहा है और झूठा हो-हल्ला कौन मचा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.7 °c | 24.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |



# बायोम वार्षिक सम्मान समारोह : विद्यार्थियों की मेहनत और जुनून को किया गया सम्मानित

## ▪ नीट यूजी सिटी टॉपर सिद्धार्थ को मिला डेढ़ लाख रुपये ▪ संस्थान के टॉपर छात्रों को प्राइज देकर सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्साह और उमंग के बीच रांची के गुरुनानक स्कूल ऑडिटोरियम में बायोम संस्थान का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें नीट यूजी के रांची सिटी टॉपर सिद्धार्थ अग्रवाल सहित संस्थान के बाकी टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम रांची उत्कर्ष कुमार उपस्थित रहे। वहीं सम्मानित अतिथि के रूप में मेडिका के डॉ। धनंजय कुमार, मेदांता के डॉ विनीत मिश्रा, इंदिरा आइवीएफ सेंटर हेड डॉक्टर नम्रता, महेंद्र कॉलेज से संचिता दास, श्योर सक्सेस के सुनील जायसवाल, गुरुग्रेसिया से शंकर कुमार, डॉ नेयाज, डीजीएम पावर ग्रिड रांची एचके चंचल आदि उपस्थित रहे।

**अतिथियों ने छात्रों को प्रेरित किया :** मुख्य अतिथि एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने शिक्षकों की मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत की, जिसका फल आपको मिला है।

आगे और मेहनत करें और एक बेहतर डॉक्टर बने, देश और समाज की सेवा करें। विशिष्ट अतिथि एसडीएम रांची उत्कर्ष कुमार ने भी छात्र-छात्राओं को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश के भावी डॉक्टर हैं। डॉक्टर को भगवान का रूप माना जाता है। इसलिए आप लोगों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

हमें पूरी उम्मीद है कि आप एक बेहतर डॉक्टर बन कर समाज की सेवा करेंगे। डॉ धनंजय कुमार ने कहा कि आगे कई चुनौतियां आयेंगी, जिसे डट कर सामना करें और एक बेहतर डॉक्टर बनें। डॉ विनीत मिश्रा ने कहा कि आप देश के बड़े संस्थानों में जाने वाले हैं। अपने मूल्यों को हमेशा याद रखें। डॉ नम्रता ने कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में भी लगातार बदलाव हो रहे हैं। उन बदलाव से अपडेट रहें. सीखने की जिज्ञासा हमेशा जागृत रखें।

**इन्हें चेक देकर किया गया सम्मानित :** संस्थान के सम्मान समारोह में नीट यूजी की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसमें नीट यूजी की परीक्षा में 623 अंक के साथ सिटी टॉपर बने सिद्धार्थ अग्रवाल को डेढ़ लाख रुपये देकर सम्मानित किया गया। वहीं अभिषेक कुमार कसेरा को 1,05,000, करण सिंह को एक लाख रुपये। मोहम्मद ओवैस रजा को 85 हजार, करण भास्कर सिंह को 80 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य छात्रों को भी मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

**संस्थान के 1621 स्टूडेंट्स ने क्वालीफाई किया :** बायोम इंस्टीट्यूट के सिद्धार्थ अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 373 और 623 अंक प्राप्त कर राज्य के टॉपरों की लिस्ट में जगह बनायी है। वे संस्थान में दो वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र रहे हैं। इसके साथ ही अभिषेक कुमार कसेरा ने 603 अंक, करण सिंह ने 602 अंक, मोहम्मद ओवैस रजा ने 596 अंक, करण भास्कर सिंह ने 595 अंक, ऋतिक दुबे ने 577 अंक, राहुल कुमार मिश्रा ने 577 अंक, मोहम्मद तौफीक ने 575 अंक, सुजाता रानी ने 571 अंक, दिव्या कुमारी ने 570 अंक प्राप्त किये हैं। संस्थान के 1800 स्टूडेंट्स ने नीट यूजी की परीक्षा दी थी, जिसमें से 1621 स्टूडेंट्स ने परीक्षा क्वालीफाई किया है। संस्थान के 216 से ज्यादा छात्राओं को मेडिकल कॉलेज मिलने की संभावना है।



### यह छात्रों की लगन, मेहनत और जुनून को सम्मानित करने का दिन है : पंकज सिंह

बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत और जुनून के बदौलत नीट यूजी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। आज उनके मेहनत और जुनून को सम्मानित करने का दिन है। इस वर्ष कठिन पेपर होने के बावजूद भी संस्थान के छात्र छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राज्य के टॉपर लिस्ट में अपनी जगह बनायी है। इसके लिए सभी छात्र-छात्राओं संस्थान के सभी शिक्षकों और उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। इस सम्मान समारोह से छात्रों को आगे जीवन में और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

**वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

# रिम्स-2 का विरोध नहीं, पर इसके लिए खेतीयोग्य खतियानी जमीन का अधिग्रहण नहीं होने देंगे: बंधु

**स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने से परहेज नहीं पर आदिवासियों के पलायन और विस्थापना की कीमत पर ऐसा नहीं होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि नगड़ी मौजा में खेतीयोग्य खतियानी जमीन पर रिम्स-टू के निर्माण का विरोध पूरी तरीके से नगड़ी के रैयतों एवं ग्रामीणों के जीवन-यापन से जुड़ा मामला है। यहाँ ना तो झारखण्ड में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने का कोई विरोध कर रहा है और न ही किसी को रिम्स-2 से कोई परहेज है। झारखण्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री को यह शुभकामना है कि वे झारखण्ड में रिम्स-टू, थ्री, फोर, फाइव का निर्माण करें और झारखण्ड की स्वास्थ्य सुविधाओं को विश्व स्तरीय बनायें लेकिन इसके लिये उस नगड़ी मौजा की खतियानी खेतीयोग्य जमीन का अधिग्रहण करना कहीं से भी उचित नहीं है जहाँ वैसे ही आबादी के अनुपात में बहुत कम कृषि योग्य जमीन है और वहाँ के लोग अपने जीवन-यापन के लिये केवल उसी पर निर्भर हैं।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अपनी खेती की जमीन को बचाना नगड़ी के रैयतों एवं ग्रामीणों के लिये वैसा ज्वलंत मुद्दा है जिसके लिये सभी को संवेदनशील होना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास योजना या फिर रिम्स-टू जैसी परियोजनाओं के लिये यदि नगड़ी मौजा की खतियानी जमीन ली जायेगी तो कोई यह मानकर ना बैठे कि आदिवासी खामोशी से विस्थापन और पलायन का शिकार होते रहेंगे।

श्री तिर्की ने कहा कि कभी खान-खदान तो कभी किसी अन्य विकास योजना और कभी किसी औद्योगिक समूह के लिये जमीन अधिग्रहण की कीमत गरीब आदिवासी बहुत चुका चुके हैं। विस्थापन और पलायन का दंश भी आदिवासी बहुत झेल चुके हैं और यह अब बर्दाश्त से बाहर की बात है। श्री तिर्की ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को अपने विभागीय अधिकारियों को यह आदेश देना चाहिये कि वे रांची या झारखण्ड में किसी अन्य उपयुक्त जमीन का चयन कर वहाँ रिम्स-टू का निर्माण करें क्योंकि नगड़ी में यह निर्माण पूरी तरीके से अनुचित और अप्रासंगिक है।

# रिम्स पार्ट-2 की बात करने वाली सरकार गरीबों को एंबुलेंस नहीं दे पा रही: राफिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जो न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की जर्जर स्थिति को उजागर करती हैं, बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं पर भी गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाती हैं। यह आरोप झारखंड प्रदेश भाजपा की नेत्री राफिया नाज ने लगाया है।उन्होंने कहा कि रिम्स पार्ट-2 की बात करने वाली सरकार गरीबों को एम्बुलेंस तक देने में असमर्थ है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार ह्यसभी को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हालात इतने भयावह हैं कि गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति समय पर अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहा। यह एक साधारण प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार का सीधा उल्लंघन है।

राफिया नाज ने गोड्डा जिले में एक मासूम बच्ची की मृत्यु की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पूरी मानवता को झकझोर देने वाली त्रासदी है। ह्लकेवल एंबुलेंस समय पर न पहुंच पाने के कारण एक मासूम की जान चली गई, जबकि परिजनों ने बार-बार सहायता के लिए कॉल करते रह गए। इसी तरह की एक और घटना चतरा जिले में घटी, जहाँ सुकुल भुइयां की मौत भी एंबुलेंस की देरी के कारण हुई। इन घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि झारखंड में एंबुलेंस सेवा लगभग निष्क्रिय हो चुकी है।

# भाजपा आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित आरोप मढ़ रही : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित आरोप मढ़ रही है। यह जनता को भ्रमित करने वाला भाजपा का राजनीतिक स्टंट है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अगर वाकई राज्य की जनता की चिंता है, तो उन्हें जमीनी स्तर पर हो रहे सुधारों को देखना चाहिए, न कि केवल त्रासदी को राजनीतिक हथियार बनाना चाहिए।

महासचिव श्री पांडेय ने कहा, सरकार ने बीते वर्षों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। एंबुलेंस सेवाओं के विस्तार और मरम्मत के लिए बजट आवंटित किया जा चुका है और यह प्रक्रिया प्रगति पर है। लेकिन यह भी समझना होगा कि एक पुरानी और उपेक्षित व्यवस्था को दुरुस्त करने में थोड़ा वक्त लगता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि रिम्स पार्ट-2 की योजना भविष्य की स्वास्थ्य जरूरतों को देखते हुए बनाई गई है और यह किसी एक सेवा की अनदेखी नहीं, बल्कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य ढांचे के विस्तार का हिस्सा है। विकास की योजना बनाना और वर्तमान समस्याओं का समाधान साथ-साथ चल सकते हैं। यह कहना कि सरकार एंबुलेंस नहीं दे सकती लेकिन रिम्स-2 बना रही है, एक निराधार तर्क है।

# जगन्नाथपुर रथ मेले में श्रद्धालुओं को नहीं होगी परेशानी

**सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम, प्लास्टिक बैन रहेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि जगन्नाथपुर रथयात्रा न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव है। सभी विभाग एवं मेला न्यास समिति टीमवर्क की तरह कार्य करें। सभी सामूहिक जिम्मेवारी के तहत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कार्यों को संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जगन्नाथपुर रथयात्रा मेले की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और वरीय पदाधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने मेला परिसर में व्यवस्था का जायजा लेते हुए वरीय अधिकारियों द्वारा मंदिर समिति के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जगन्नाथपुर मंदिर से मौसी बाड़ी तक रथयात्रा रूट का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने का निदेर्शा दिया। 24 घंटे बिजली, चलंत शौचालय, पानी, अग्निशमन एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है। जिला प्रशासन ने मेले में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने दुकानदारों को निर्धारित स्थान तक ही अपनी दुकान लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि रथयात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मेला परिसर में वॉच टावर और सीसीटीवी लगाये गये हैं। सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। इसके लिए संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा। बड़े वाहन प्रवेश न करें, इसके लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

जिला प्रशासन रथ मेले के आयोजन को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में प्रशासन सभी दुकानदारों, खाद्य स्टॉल संचालकों और आयोजकों से अपील करता है कि वे मेले के दौरान दोना, पत्तल और अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग करें। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि मेले में स्वच्छता बनाए रखने में भी सहायक होगा। प्लास्टिक और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्री के उपयोग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है, जो मिट्टी, जल और वायु प्रदूषण का कारण बनता है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने मेले में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। सभी स्टॉल संचालकों और दुकानदारों को कहा गया है कि वे इस नियम का कड़ाई से पालन करें और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों जैसे कि पत्तल, दोना, बांस की टोकरियां और कागज से बने उत्पादों का उपयोग करें।

**बैठक में ये थे उपस्थित :** बैठक में डीआइजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, ऊरढ हटिया, अंचल अधिकारी नामकुम/नगड़ी, स्थानीय थाना प्रभारी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वॉलेंटियर भी श्रद्धालुओं के लिए रहेंगे तैनात

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम के साथ मेले के दौरान वॉलेंटियर भी श्रद्धालुओं के लिए तैनात रहेंगे, ताकि भक्तों को अपने आराध्य के दर्शन में कोई परेशानी ना हो। एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिये गये, जिसमें जिला प्रशासन के साथ मंदिर कमिटी के भी पदाधिकारी जुड़े रहेंगे। इसके साथ ही वॉलेंटियर भी जुड़ेंगे, जो हर जानकारी से जिला प्रशासन को अवगत करायेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सूचना जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में ही मेले में खोये हुए लोग/बच्चों के लिए खोया/पाया केंद्र की सूचना दी जायेगी।

### झूलों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश जारी

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने जगन्नाथपुर रथ मेला 2025 के दौरान लगने वाले झूलों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि मेला के दौरान कोई दुर्घटना न हो। इसके लिए सभी झूला संचालकों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है। इन मानकों में झूलों की तकनीकी जांच, नियमित रखरखाव और संचालन के दौरान सुरक्षा उपायों का अनुपालन शामिल है। संचालकों को निर्देश दिये गये हैं कि वे सभी आवश्यक प्रमाण पत्र, जैसे कि झूलों की सुरक्षा जांच और लाइसेंस से संबंधित दस्तावेज, उपलब्ध रखें। यह कदम मेला में आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का जनता दरबार कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का जनता दरबार मंगलवार को कांग्रेस भवन में लगेगा। वे आम जनता की शिकायतों को सुनेंगी और उसका त्वरित समाधान निकाला जाएगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस की ओर से लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस जनता की समस्या और उनके मुद्दों के प्रति हमेशा गंभीर रही है। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक जन समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस लगातार आम लोगों से जनता दरबार के माध्यम से संपर्क स्थापित कर रही है। सरकार गठन के बाद से ही कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा लगातार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

बीआरएल डीएवी पब्लिक स्कूल
भंडारीदह, बोकारो - 829132

सूचना

बीआरएल डीएवी पब्लिक स्कूल, भंडारीदह अपने परिसर से 2 पुरानी बसों (JH01C5164 and JH01A1567) का विक्रय करने जा रहा है। जो भी इच्छुक व्यक्ति या संस्था इन बसों को खरीदने के इच्छुक हैं, वे अपना दर विवरण (Rate) सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करें।

इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे एक सप्ताह के भीतर अपना सीलबंद प्रस्ताव विद्यालय कार्यालय में जमा करें।

Quotation Required from Registered vendor for Scarp of school Bus

| S.No. | BUS NO. | Mfg. year | Remarks |
|---|---|---|---|
| 01 | JH-01A-1567 | 2001 | 24 Years Old |
| 02 | JH-01C-5164 | 2002 | 23 Years Old |

Interested vendor must submit their quotation in sealed envelope on or before 30.06.2025.

ह0/- प्रधानाचार्य,
बीआरएल डीएवी पब्लिक स्कूल
भंडारीदह।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 जून, 2025
www.azadsipahi.in



### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी की बैठक

# धनबाद में प्रांतीय अधिवेशन 6 जुलाई को 12 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गयी एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक में अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। तथा कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती ने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के 1 वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह- 2025 का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह के लिए विकास अग्रवाल एवं विशाल पाड़िया को कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया गया।

बैठक में 6 जुलाई को धनबाद में आयोजित झारखंड प्रांतीय अधिवेशन के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गयी। जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन ने बताया कि छह जुलाई को धनबाद के राजविलास रिसोर्ट में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन मे नवनिर्वाचित झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल पदभार ग्रहण करेंगे। इस अधिवेशन में मुख्य रूप से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ सहित कई गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। उन्होंने रांची से भी अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को प्रांतीय अधिवेशन मे भाग लेने का आग्रह किया।

बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन का सदस्यता अभियान बृहद स्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक का संचालन संयुक्त महामंत्री कौशल राजगढ़िया ने तथा धन्यवाद- ज्ञापन उपाध्यक्ष रमेश शर्मा ने किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक मे रवि शंकर शर्मा, किशन साबू, पवन कुमार पोद्दार, नरेंद्र गंगवाल, मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया रमेश शर्मा, अंजय सरावगी, राजेंद्र कुमार केडिया, निर्भय शंकर हरित, प्रमोद शाश्वत, पवन शर्मा, संजय सर्राफ, कमलेश संचेती, महेंद्र जैन,निर्मल बुधिया, अनिल अग्रवाल,ज्योति बजाज, नरेश बंका, विशाल पाड़िया, विजय कुमार खोवाल, विकास अग्रवाल, रमाशंकर बगड़िया, अजय खेतान, राजेश भरतिया, अमित बजाज, आशीष डालमिया, सुमित महलका, सनी टिंबरेवाल, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# आजसू के बलिदान दिवस पर निकला मोटरसाइकिल जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को राजधानी के विभिन्न मोहल्लों से महानगर कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस की शक्ल में खेलगांव स्थित समारोह स्थल पहुंचे। समारोह स्थल पर ही रक्तदान शिविर लगाया गया था, जिसमें दर्जनों कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

**वरिष्ठ नेताओं ने कमान संभाली :** उत्तरी छोटानागपुर में जहां सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो तथा लंबोदर महतो तैयारी में लगे, वहीं दक्षिणी छोटानागपुर में डॉ देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, निर्मला भगत आदि ने सभी जिलों में बैठक की। कोल्हान में प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, हरेलाल महतो, दामु बानरा, संथाल परगना में जोनाथन टुडू एवं प्रवीण प्रभाकर और पलामू में हसन अंसारी ने कार्यकर्ताओं को लामबंद किया।

**शहीदों एवं महापुरुषों के चित्र लगे :** समारोह स्थल टाना भगत इंडोर स्टेडियम के भीतर शहीदों और महापुरुषों के चित्र लगाये गये थे। समारोह की तैयारी को लेकर रांची महानगर के कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर तथा खेलगांव को पार्टी के झंडा और बैनर से सजाया तथा वरिष्ठ नेताओं के कटआउट चौराहों पर लगाये। समारोह स्थल पर भी नेताओं के कटआउट लगाये गये थे।

**कई लोगों ने ली सदस्यता :** मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से ऋतुराज शाहदेव के नेतृत्व में अमन साहू, सौरभ यादव, प्रियांशु रंजन श्रीवास्तव, गौरव सिंह, राज दुबे, शिवम शाहदेव, सोनल झा,अक्षत कुमार ने सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू की सदस्यता ली। हजारीबाग जिला से मोनू अख्तर, मानवर आलम, नाजर अली, मोहम्मद तौकीर,आशिफ जुनैद और चतरा जिला से शंकर कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया आजसू में शामिल हुए।

# एसबीयू के शिक्षकों और छात्रों ने थाइलैंड में मनाया योग दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के शिक्षकों और छात्रों ने चुलालोंग्कॉर्न विश्वविद्यालय, बैंकॉक, थाईलैंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भारत के थाईलैंड में राजदूत महामहिम नागेश सिंह ने किया। बैंकॉक में आयोजित विशेष योग सत्र में विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम से भारत और थाईलैंड के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला है। कार्यक्रम में राजदूत नागेश सिंह ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर बैंकॉक के गवर्नर भी मौजूद थे। साथ ही योग सत्र में बड़ी संख्या में देश-विदेश के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। मालूम हो कि सरला बिरला विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्र इन दिनों शैक्षणिक भ्रमण पर बैंकॉक गये हुए है। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने थाईलैंड में शैक्षणिक दौरे पर गये विवि के शिक्षकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# सिल्ली-इलू बाइपास रेल लाइन का काम शीघ्र शुरू किया जायेगा

**रांची।** सिल्ली-इलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए रेलवे ने टेंडर भी निकाल दिया है। 140 करोड़ की यह परियोजना 5.9 किलोमीटर लंबे रेल लाइन के निर्माण के लिए निकाली गई है। वर्ष 2027 तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है। इसके निर्माण से रांची से टाटा की दूरी कम होगी। मुरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव भी कम होगा। वर्तमान समय में सिल्ली से मुरी होते हुए इलू जाने में 50 मिनट का समय लगता है। इससे समय की बचत होगी। रेल का समय भी बचेगा। रेल यात्रियों का भी समय बचेगा। यात्रा और भी सुगम हो सकेगी। इस रेलवे लाइन के निर्माण को लेकर वर्तमान रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने वर्ष 2022 में रेल मंत्री वैष्णव से मुलाकात की थी। इसकी उपयोगिता पर उनसे चर्चा कर, इसके निर्माण को आवश्यक बताया था। इसके बाद श्री सेठ लगातार इसका फॉलो अप करते रहे। उन्हीं की पहल पर रेलवे ने इस परियोजना को मंजूरी दी है। शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य शुरू होगा।



पासवा के छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का आलोक दुबे ने निरीक्षण किया।

### शंकरा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थी सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शंकरा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की ओर से एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शंकर दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और प्रेरणादायक उपहार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शंकर दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान केवल बच्चों की मेहनत का नहीं, बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों के योगदान का भी प्रतीक है। शिक्षा ही समाज को बदलने का सबसे बड़ा माध्यम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। मंच का संचालन फाउंडेशन की सदस्य टीम द्वारा किया गया। फाउंडेशन की सदस्य रीता दुबे ने बताया कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीता दुबे, शशांक राज, सोनू खलखो, सिद्धांत श्रीवास्तव और प्रणव तिवारी आदि उपस्थित थे।

### जीआरपी प्रमुखों का छठा अखिल भारतीय सम्मेलन संपन्न

# भारतीय रेल में अपराध नियंत्रण और यात्री सुरक्षा पर नये सिरे से ध्यान




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली ।** रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफद्ध के तत्वावधान में आयोजित छठा अखिल भारतीय सरकार रेलवे पुलिस, जीआरपीद्ध प्रमुख सम्मेलन नयी दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने की। इसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जीआरपी के डीजीपीए एडीजीपी और वरिष्ठ अधिकारीए साथ ही रेल मंत्रालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

यह महत्वपूर्ण सम्मेलन भारतीय रेलवे में बढ़ती आपराधिक चुनौतियों से निपटने और करोड़ों दैनिक यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समन्वित प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम रहा। सम्मेलन का मुख्य विषय बुद्धिमत्ता साझा करने की व्यवस्था को मजबूत करना, संयुक्त अभियान रणनीतियां बनाना और बदलते आपराधिक तौर तरीकों से निपटने हेतु एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाना रहा।

यात्रियों को धोखाधड़ी और चोरी के सामान्य तरीकों से अवगत कराने के लिए जागरूकता अभियानों को तेज करने पर विशेष बल दिया गया। इसके साथ ही त्पस डंकंक पोर्टल पर दर्ज की गयी यात्री संपत्ति चोरी की शिकायतों को औपचारिक प्राथमिकी में बदलने की प्रक्रिया को सहज बनाने का निर्णय लिया गया, जिससे अपराध की रोकथाम और अपराधियों की पहचान में वृद्धि हो सके।

सम्मेलन में अंतरराज्यीय संगठित आपराधिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए सर्विलांस बढ़ाने, राज्य स्तर पर समन्वित कार्रवाई और फेसियल रिकग्निशन सिस्टम जैसे तकनीकी उपायों को अपनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जीआरपी इकाइयों के बीच एकीकृत प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया, ताकि क्षेत्राधिकार की खामियों का फायदा अपराधी न उठा सकें।

महिला यात्रियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए सम्मेलन में निःशुल्क गश्त, रेलवे स्टेशनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और 'मेरी सहेली' टीमों की तैनाती जैसे सख्त निवारक उपायों पर सहमति बनी।

रेलवे परिसर का नशा तस्करी और अवैध गतिविधियों के लिए उपयोग किये जाने की प्रवृत्ति पर भी चर्चा हुई। इसे रोकने के लिए तत्काल खुफिया जानकारी और सघन जांच की रणनीतियां अपनाने की बात कही गयी। इंटेलिजेंस ब्यूरो द्वारा प्रस्तुत एक अहम रिपोर्ट में रेलवे के संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर आतंकी खतरे की आशंका और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता को उजागर किया गया।

सम्मेलन में बच्चों की सुरक्षा पर भी चर्चा हुई, जिसमें रेलवे परिसर में पाए जाने वाले असुरक्षित और तस्करी के शिकार बच्चों की पहचान और पुनर्वास की कार्ययोजनाओं को मजबूती देने पर विचार किया गया।

सम्मेलन के समापन पर महानिदेशक आरपीएफ मनोज यादव ने कहा कि भारतीय रेलवे के विशाल नेटवर्क पर अपराध नियंत्रण केवल किसी एक एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक मिशन है, जिसमें समन्वय, सहयोग और साझा खुफिया जानकारी की आवश्यकता होती है। आज जीआरपी और आरपीएफ नेतृत्व ने जिस एकजुटता का प्रदर्शन किया है, वह हमारे संकल्प को दर्शाता है कि हम हर यात्री, हर बच्चे और रेलवे नेटवर्क के हर कोने को अपराध मुक्त और सुरक्षित बनायेंगे।

सम्मेलन ने इस बात को दोहराया गया कि आरपीएफ और जीआरपी बल भारतीय रेलवे को अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता वाला क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह राष्ट्र की जीवन रेखा बनी रहे।

# योग मनुष्य को दीर्घायु बनाता है : डॉ सुभाष



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइवीएन कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन कवाली रांची में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्राध्यापक तथा बीएड के छात्र - छात्राओं ने एक साथ सामूहिक रूप से योग किया। योग करते समय सभी के चेहरे पर खुशी की लहर थी। योग प्रारंभ करने से पूर्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुभाष यादव ने अपने संबोधन में कहा कि योग मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। योग मनुष्य को निरोग बनाता है। इसलिए हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए प्रातः प्रतिदिन कुछ समय निकाल कर योग करना चाहिए, जिससे हम सब एक निरोग और स्वस्थ जीवन जी सके। कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ कैलाश नाथ सिंह तथा डॉमांडवी राय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अर्थात 21 जून को भौगोलिक दृष्टि से बताया कि यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है।

इस अवसर पर कॉलेज के सभी प्राध्यापक डॉ सलमा खातून , संगीता गोप, प्रियंका कुमारी तथा पुस्तकालय अध्यक्ष अमर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पेड़-पौधा पर्यावरण का संतुलन बनाये रखता है : आशा लकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंडरा बाजार समिति प्रांगण में झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा द्वारा पर्यावरण की रक्षा को लेकर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने फलदार पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। आशा लकड़ा ने कहा कि पेड़ पौधा पर्यावरण का संतुलन बनाये रखता है। पेड़-पौधा से हमें छाया मिलती है। एक पेड़ पांच पुत्र के समान है। सभी अपने-अपने जन्मदिन पर शादी की सालगिरह पर एक पौधा जरूर लगायें। जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने बाजार के सभी साथियों से भी आग्रह किया कि सभी कोई अपने-अपने घर और आसपास में एक पेड़ जरूर लगायें।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय कुमार जायसवाल, बिंदुल वर्मा, मंतोष सिंह, नीतू, मधु कुमार, शिव शर्मा सिंह, बाली राय, महेंद्र राय, संजय पासवान सहित पंडरा बाजार समिति के सैकड़ों मजदूर उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि रविंद्र राय, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा, पूर्व पार्षद डॉक्टर सुचिता रानी राय, दीपक लोहरा, लाल अशोक नाथ शाहदेव, योगेश्वर दुबे, उमेश यादव, शीला सिंह सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि भारत विश्व गुरु रहा है। योग भारत की पहचान है। भारत में योग विभिन्न रूपों में किया जाता रहा है। योग हमें निरोग रहने का साधन प्रदान करता है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के अथक प्रयास से योग विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहा। आज संपूर्ण विश्व में योग की मान्यता मिलती दिख रही है। व्यक्ति को निरोग रहने हेतु प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट योगाभ्यास और प्राणायाम जरूर करना चाहिए। आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है।

विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने योग की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भैया-बहनों को नियमित योग करना चाहिए। योग व्यायाम आदि शरीर को स्वस्थ रखने हेतु अति आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। प्राणायाम की अनेक क्रियाएं बच्चों की अच्छी याददाश्त एवं एकाग्रता में सहायक सिद्ध हुई है।

सभी भैया - बहनों वालों ने सामूहिक योगासन, मुद्राएं, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। विद्यालय के शारीरिक आचार्य विक्रम कुमार, प्रेमी टोपनो एवं विवेकानंद प्रजापति ने भैया-बहनों को ताड़ासन, उत्कटासन, पाद-हस्तासन, अद्धचक्रासन, आदि आसान करने का सही तरीका ओर उनके लाभ बताये।

प्राचार्य ललन कुमार ने विद्यालय की ओर से योगासन के माध्यम से निरोग रहने वाला स्वस्थ समाज निर्माण का संदेश दिया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग एवं योग प्रेमी जन उपस्थित रहे।







## हजारीबाग में दिनदहाड़े फायरिंग कर अपराधी हुए फरार

# ज्वेलरी शॉप को बनाया निशाना सात राउंड गोली चलायी, दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में अपराधी इतने बेखौफ हो गये हैं कि अब उन्हें पुलिस प्रशासन का डर नहीं रहा। रविवार दोपहर बाइक से आये दो अपराधियों ने बाड़म बाजार स्थित श्री ज्वेलर्स में ताबड़तोड़ फायरिंग की और फरार हो गये। फायरिंग की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी हैं। घटना की जानकारी पाकर सदर एसडीपीओ अमित आनंद के अलावा सदर, लोहसिंघना और बड़ा बाजार पुलिस घटना स्थल पहुंची। सदर एसडीपीओ ने बताया कि दो अपराधियों ने सात राउंड फायरिंग की है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अपराधियों की धर-पकड़





के लिए पुलिस लग गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने दुकान के सामने पहुंच कर सात राउंड गोलियां चलायीं। घटना के बाद अपराधी फरार हो गये। गोली चलने के बाद चारों तरफ अफरा-तफरी मच गयी। श्री जेवर ज्वेलर्स दुकान के शीशे पर साफतौर पर गोली के कई निशान दिख रहे हैं। घटना स्थल से ही 7 खोखा भी बरामद किये गये हैं। बता दें कि जहां फायरिंग की गयी है वह स्थान सांसद मनीष जायसवाल के आवास से चंद कदम ही दूर है।

घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होंगे।

इधर चतरा के रहनेवाले उत्तम यादव ने ज्वेलर्स दुकान में फायरिंग करने की जवाबदेही ली है। इस संबंध में उसने विडियो भी जारी किया है।

### स्थानीय व्यापारियों में रोष, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों में भारी रोष है। उनका कहना है कि जब सांसद आवास से चंद कदमों की दूरी पर इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं, तो आम जनता कितनी सुरक्षित है।

## ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन का 40वां स्थापना दिवस मना

# आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) का 40वां स्थापना दिवस रविवार को डॉ रामदयाल मुंडा सभागार मोरहाबादी में मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह में छोटनगपुर, संथाल परगना, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, सहित बृहत झारखंड के सभी जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। स्थापना दिवस समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति त्रिवेणी नाथ साहू ने झारखंड आंदोलनकारी साथी और जो आंदोलनकारी की मृत्यु हो चुकी है। उनके परिवार के सदस्यों को आंदोलनकारी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया और झारखंड राज्य गठन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पुनः संघर्ष करने की बात कही।




विशिष्ट अतिथि में आंदोलन को मदद करने वाले पत्रकारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिसमें अनुज कुमार सिन्हा, शफीक अंसारी, किशलय, स्वर्गीय कमल किशोर भगत को मरणोपरांत निर्णायक झारखंड आंदोलन के नायक से सम्मानित किया गया। स्वर्गीय भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अभी निर्णायक लड़ाई शेष है। फिल्मों के द्वारा झारखंड की संस्कृति की रक्षा करने वाले मेघनाथ भट्ठाचार्य, प्रबल महतो, जैसे कई लोगों का सम्मानित किया गया। सबसे पहले मुख्य अतिथि द्वारा झारखंड के महानायक समाज भाषा संस्कृति के रक्षक और आजसू के मार्गदर्शक सह झारखंड पीपुल्स पार्टी संस्थापक अध्यक्ष डॉ रामदयाल मुंडा के नाम सम्मान स्मृति पत्र जारी किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष ललित महतो ने कहा कि भाषा, संस्कृति और खतियान, झारखंडियों को पहचान के नारे को फिर से बुलंद किया जाये।

स्थापना दिवस समारोह में आजसू के संस्थापक अध्यक्ष प्रभाकर तिर्की, संस्थापक महासचिव सूर्य सिंह बेसरा, और सबसे लंबे समय झारखंड राज्य तक आजसू के अध्यक्ष रहे ललित कुमार महतो, रतन तिर्की, जॉय बखला, प्रो बिनोद भगत,सहित झारखंड के हर क्षेत्र के संस्थापक सदस्यों ने भाग लिया। 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर बृहत झारखंड राज्य के लिए आंदोलन शपथ लिया गया।

संस्थापक महासचिव ने कहा कि युवाओं को फिर से बागडोर सौपने का समय आ गया है. हम सभी मार्गदर्शन की भूमिका में रहेंगे. ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के पहचान को वापस लाने की जरूरत है। इस समारोह में सबसे महत्वपूर्ण और मुख्य निर्णय लिया गया की सन 2025 के अंत से पहले ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) का पुनर्गठन कर नये छात्र नवजवानों को कमान सौंपा जायेगा। संस्थापक अध्यक्ष प्रभाकर तिर्की ने कहा कि ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन का राजनीतिक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग को सूचित करते हुए कार्रवाई की मांग की जायेगी। छात्र संगठन कभी भी सक्रिय राजनीति में भाग नहीं ले सकती है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम पर शनिवार को आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कुदलुम रांची के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। साथ ही साथ योग के महत्व के बारे में संस्था के प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय ने अवगत कराते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर के सामंजस्य का विज्ञान है। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की ओर से स्वयंसेवकों ने 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाया और योगाभ्यास किया। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि योग से व्यक्ति का केवल बाह्य शुद्धि नहीं होती बल्कि अंतःकरण की भी शुद्धि होती है, जिससे हमारी अंदर की सुसुप्त शक्तियां जागृत हो जाती हैं और व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से सबल हो जाता है। महाविद्यालय के शिक्षक कमलेंद्र नाथ त्रिपाठी ने योग के महत्त्व को बताते हुए कहा कि सभी व्यक्ति को अपने दैनिक कार्यों में से योग के लिए कुछ समय अवश्य निकालना चाहिए।

अंत में सभी प्रशिक्षुओं को शपथ भी दिलाया गया। योगाभ्यास प्रमोद एवं कमलेंद्र ने संयुक्त रूप से कराया। इस योग कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राध्यापक शुभा शर्मा, मोहित तिवारी, वागीश दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, डॉ सरिता, सुरेंद्र, विवेक, नीकिता, मिनी, गोकुल, अजय, रजनीश सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं का योगदान रहा। समापन शांति मंत्र से हुआ।

## गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा और गुरुनानक भवन कमिटी का द्विवार्षिक चुनाव

# बिनोद सुखीजा और नरेश पपनेजा को सर्वाधिक मत मिले



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा और गुरुनानक भवन कमिटी के द्विवार्षिक चुनाव (2025-27) के लिए रविवार को मतदान हुआ। कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड, रांची स्थित गुरुनानक भवन के हॉल में सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक सम्पन्न हुए इस चुनाव में मतदान का प्रतिशत 63% रहा। कुल 680 में से 425 सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। इसमें से सत्संग सभा में 22 एवं गुरुनानक भवन कमिटी के चुनाव में 6 मत अवैध पाये गये। शहर से बाहर रह रहे 32 सदस्यों ने लिंक के माध्यम से मतदान किया। चुनाव परिणामों की घोषणा रात 8.30 बजे हुई। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कमिटी के चुनाव में सर्वाधिक मत बिनोद सुखीजा को 395 मत और गुरु नानक भवन कमेटी में सर्वाधिक मत नरेश पपनेजा को 366 मत प्राप्त हुए। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के विजयी उम्मीदवार पांच उम्मीदवारों का और गुरु नानक भवन कमेटी और गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के विजयी उम्मीदवार दो - दो सदस्यों का मनोनयन करेंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद का चुनाव दो से तीन दिनों में आपसी सहमति से तय किया जायेगा।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी पूर्व पार्षद देवराज खत्री ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते बताया कि सत्संग सभा की 21 सीटों के लिए निर्वाचित सदस्य आशु मिढ़ा, अर्जुन देव मिढ़ा, अनूप गिरधर, अमरजीत गिरधर, अजय कुमार मुंजाल, अशोक मुंजाल, बसंत काठपाल, बिनोद कुमार सुखीजा, सुरेश कुमार मिढ़ा, हरजीत सिंह बेदी (जीतू बेदी), सुभाष कुमार मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, कमल मुंजाल, लेखराज अरोड़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, महेश कुमार सुखीजा, मेशी पपनेजा, नवीन मिढ़ा, पवनजीत सिंह खत्री और राकेश गिरधर हैं। गुरुनानक भवन कमिटी की पांच सीटों के लिए निर्वाचित सदस्य नरेश पपनेजा, प्रेम मिढ़ा, कंवलजीत सिंह मिढ़ा, नीरज कुमार गखड़ और किशन गिरधर हैं। गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमिटी के लिए निर्विरोध निर्वाचित सदस्य मोहन लाल अरोड़ा, चंदू गिरधर, अश्विनी सुखीजा, दिनेश गाबा और कमल धमीजा हैं।

सभी 31 विजयी उम्मीदवारों को मुख्य चुनाव पदाधिकारी एवं सह चुनाव पदाधिकारीयों ने माला पहनाकर जीत की बधाई दी। समस्त चुनावी प्रकिया में पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन के लिए सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा एवं सदस्यों ने चुनाव पदाधिकारियों का आभार जताया और उन्हें शॉल ओढ़ा कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। मतगणना की प्रक्रिया में भागीदारी के लिए पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यह सारी चुनावी प्रक्रिया सह चुनाव पदाधिकारी डॉ अजय छाबड़ा, प्रकाश अरोड़ा और हरीश नागपाल के सहयोग से संपन्न हुई।

## श्री श्याम मित्र मंडल रांची के निर्वाचन सत्र 2025-27 के लिए प्रत्याशियों की अंतिम सूची घोषित

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम मित्र मंडल, रांची के आगामी निर्वाचन सत्र 2025-27 के लिए नामांकन पत्रों की वापसी की अंतिम तिथि के बाद प्रत्याशी उम्मीदवारों की अंतिम सूची घोषित कर दी गयी है। सभी पदों के लिए निर्विरोध (सर्व-सम्मत) उम्मीदवार सामने आये हैं, जिनकी औपचारिक घोषणा 13 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित होने वाली बैठक में की जायेगी। घोषित प्रत्याशी सूची में अध्यक्ष (1 पद): गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष (2 पद): अशोक कुमार लड़िया, श्रवण कुमार ढांढनिया, महामंत्री (1 पद): गौरव अग्रवाल, मंत्री (2 पद): पंकज कुमार अग्रवाल, विष्णु चौधरी, उपमंत्री (2 पद): आदित्य लोहिया, प्रवीण अग्रवाल (हरमू रोड), कोषाध्यक्ष (1 पद): मनोज कुमार खेतान, प्रचार मंत्री (1 पद): रोहित कुमार अग्रवाल, आंतरिक अंकेक्षक (1 पद): राजेश चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य (5 पद): अनिल कुमार ननोर्ली, प्रवीण अग्रवाल (रातू रोड), राजेश कुमार ढांढनियां, श्याम सुंदर शर्मा, स्नेह कुमार पोद्दार शामिल हैं। इस निर्वाचित कार्यकारिणी से संस्था में नये जोश, संगठनात्मक मजबूती और सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की उम्मीद की जा रही है।

## जोड़ा तालाब स्थित बिड़ला हनुमान मंदिर में खिचड़ी का भोग वितरित

**रांची (आजाद सिपाही)।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर रांची के बरियातू के जोड़ा तालाब स्थित बिड़ला हनुमान मंदिर में खिचड़ी का भोग वितरण किया गया। इस आयोजन में बिड़ला हनुमान मंदिर कमेटी के वरिष्ठ संरक्षक दयानंद प्रसाद सिंह का अहम योगदान रहा। वहीं दयानंद सिंह ने कहा कि भारत के योग को विश्व पटल पर पहुंचाने में योग गुरु बाबा रामदेव का महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इसलिए मंदिर कमेटी ने विश्व योग गुरु बाबा रामदेव की दीघार्यु की कामना की और खिचड़ी भोग का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा और चेतना को जाग्रत करने की एक साधना है। यह हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। जो आज संपूर्ण विश्व को स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन का मार्ग दिखा रही है। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिलायें, पुरुष और बच्चे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अर्पण परिवार का ऐतिहासिक रक्तदान शिविर 1018 यूनिट रक्त संग्रहित

# रक्तदान महान कार्य, युवाओं की भागीदारी सराहनीय : अर्जुन मुंडा

- अर्पण परिवार की पहल परोपकार व सेवा की भावना को देती है बढ़ावा : विद्युत वरण महतो
- रक्तदान सामाजिक एकता और परोपकार का प्रतीक : डीबी सुंदरा रामम
- रक्तदान शिविर सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरणास्रोत : मंगल कालिंदी
- ऐसे आयोजन सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं : उपेंद्र प्रताप सिंह
- कार्यक्रम की सफलता के लिए नौजवान टीम अर्पण को साधुवाद : अमरप्रीत सिंह काले

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अर्पण परिवार द्वारा इस गर्मी में उत्पन्न रक्त की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से आयोजित ऐतिहासिक रक्तदान शिविर में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई। इस शिविर में कुल 1018 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो शहर में रक्त की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान साबित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, रक्तदान एक महान कार्य है, जो सीधे किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा करता है। इस शिविर में युवाओं की सक्रिय




भागीदारी देख कर हर्ष हो रहा है।

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि अर्पण परिवार की इस सामाजिक पहल से न केवल रक्त की कमी दूर होगी, बल्कि यह समाज में परोपकार और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करेगा।

इस मौके पर कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित टाटा स्टील के डीबी सुंदरा रामम ने कहा कि अर्पण परिवार के इस सामाजिक प्रयास में सहभागिता निभाना गर्व की बात है। रक्तदान से हम न केवल किसी जरूरतमंद को जीवनदान देते हैं, बल्कि एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त उपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अर्पण परिवार के इस रक्तदान शिविर से सामाजिक एकता, परोपकार और सेवाभावना को बल मिलता है। इस तरह के आयोजन सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रत्येक नागरिक को प्रेरित करते हैं।

विशिष्ट अतिथि विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि ऐसे आयोजन हमें आपसी सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। रक्तदाताओं को मेरा साधुवाद।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि अर्पण परिवार हमेशा से सामाजिक सेवा के लिए समर्पित रहा है। इस रक्तदान शिविर के माध्यम से हम न केवल जरूरतमंदों के लिए रक्त संग्रह कर रहे हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा वितरण करके एक बेहतर कल के लिए भी प्रयासरत हैं। इस मौके पर टाटा स्टील के डीबी सुंदरा रामम, इंटक नेता राकेशेश्वर पांडे, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त उपेंद्र प्रताप सिंह, दैनिक भास्कर संपादक भवानंद झा, प्रभात खबर संपादक संजय मिश्रा, न्यू इस्पात मेल संपादक बृजभूषण सिंह, चमकता आईना अखबार संपादक जयप्रकाश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, चंद्रशेखर मिश्रा, प्रथम जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष नदंजी प्रसाद, जेडीयू नेता आशुतोष राय, सुबोध श्रीवास्तव, रमेश हंसदा , मेहर बाई अस्पताल अमिताभ चटर्जी, कांग्रेस नेता रविंद्र कुमार झा नट्टू, सिंह, टाटा मोटर्स वर्क्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महिला आयोग किनपूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, रूपेश कतरियार, वरिष्ठ पत्रकार अंजनी पांडे, वरिष्ठ पत्रकार संजीव भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार अंजनी पांडे, कांग्रेस नेता अजय सिंह, भाजपा नेता शैलेंद्र कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, आजसू नेता कन्हैया सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, कुसुम पूर्ति, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव, ब्रजेश सिंह मुन्ना, शंकर रेड्डी, अप्पू तिवारी, गणेश राव, जंबू अखाड़ा संरक्षक बंटी सिंह, इंटक नेता शैलेश पांडेय, आरएसएस से रविंद्र नारायण, सुशील तिवारी, विमल झा, सतीश श्रीवास्तव, सरदार कुलविंदर सिंह पन्नू, सरदार महेंद्रपाल सिंह, भाजपा नेता बॉबी सिंह, संजीव सिंह, संजीव कुमार, मिथलेश सिंह यादव, रमेश हांसदा, धर्मेंद्र प्रसाद, शिवप्रकाश शर्मा, विजय तिवारी, कृष्ण शर्मा काली, सुमित श्रीवास्तव,, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संस्थापक वरुण कुमार, मनोज सिंह, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलू मछुआ, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष राजपति देवी, नीरू सिंह, सीनियर पत्रकार रामकंडेय मिश्रा, ब्रह्मर्षि समाज प्रमुख सुधीर कुमार सिंह, रवि शंकर तिवारी सैल्यूट इंडिया शैलेश गुप्ता, मनोज बाजपेई, चिंटू सिंह, रवि सिंह, लायंस क्लब से ताराचंद विश्वास ने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा बढ़ायी। कार्यक्रम का संचालन धनुर्धर त्रिपाठी ने एवं सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं सम्मानित सदस्यों का धन्यवाद जूगुन पांडे ने किया।

# नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय का भव्य दीक्षांत समारोह आज

- केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और पूर्व सीएम रघुवर दास होंगे शामिल
- 1700 छात्रों को मिलेंगी डिग्रियां, 120 किये जायेंगे सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय जमशेदपुर में सोमवार को तीसरा दीक्षांत समारोह गरिमामयी ढंग से आयोजित किया जायेगा। यह समारोह न केवल छात्रों के शैक्षणिक सफर का उत्सव होगा, बल्कि उन्हें भविष्य की ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने वाला प्रेरणादायक अवसर भी बनेगा। इस ऐतिहासिक समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, शिक्षाविद् डॉ शुक्ला मोहंती कुलपति डॉ प्रभात कुमार पाणि सहित विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस बार विभिन्न संकायों के लगभग 1700 छात्रों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर 120 मेधावी छात्रों को स्वर्ण एवं रजत पदक देकर सम्मानित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप से सजाया जा रहा है और सुरक्षा, व्यवस्थापन एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया गया। समारोह को विश्वविद्यालय की परंपराओं और गरिमा के अनुरूप आयोजित किया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत



**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** गम्हरिया ब्लॉक के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गम्हरिया निवासी आशुतोष सिंह उर्फ आशु के रूप में की गई।मिली जानकारी के अनुसार आशुतोष अपनी मोटरसाइकिल से निकला था उस दौरान गम्हरिया ब्लॉक के समीप सड़क किनारे खड़े एक मालवाहक वाहन में उसकी बाइक जोरदार टक्करा गई। टक्कर इतनी तेज थी युवक बुरी तरह से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गया।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों की अनदेखी पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की।

# इंसानियत शर्मसार करनेवाली करतूतें

प्राचीन काल से ही भारत को उच्च नैतिकता, अहिंसा और मानवीय मूल्यों के ध्वजारोही के रूप में जाना जाता है, परंतु आज लोग अपने प्राचीन उच्च आदर्शों को भूल अनैतिक और अमानवीय कृत्यों में शामिल होकर मानवता को लज्जित कर रहे हैं। स्थिति कितनी गंभीर हो चुकी है। इसके कई उदाहरण सामने आये हैं। 15 जून को महाराज गंज (उत्तर प्रदेश) में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी गर्भवती पत्नी के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, जिससे उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मौत भी हो गयी। 15 जून को ही बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) में अभिनव वर्मा नामक एक दबंग ने एक दलित महिला के घर में घुस कर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसके साथ बलात्कार करने की कोशिश की और इसमें विफल रहने पर महिला के मुंह पर पेशाब करके गालियां देते हुए वहां से भाग गया। 16 जून को कुड्डालोर (पांडिचेरी) के पनरुती गांव में सुंदरावई नामक व्यक्ति ने अपनी पड़ोसी 80 वर्षीय वृद्धा से बलात्कार कर डाला। 17 जून को गढ़वा (झारखंड) के बाहोकुदर गांव में विवाह के मात्र एक महीने बाद सुनीता नामक 20 वर्षीय युवती को अपने पति को रात के खाने में जहर देकर मार डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 17 जून को ही मुजफ्फरपुर में एक व्यक्ति को अपनी पत्नी के दूसरे पुरुष से अवैध संबंधों के संदेह में उसे 2 दिनों तक एक कमरे में भूखे-प्यासे बंद रख कर यातनाएं देने, गर्म लोहे की छड़ से पीटने, करंट लगाने और उसके गुप्तांग में मिर्चें डाल देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 17 जून को ही दिल्ली पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने आरोप लगाया कि उसके देवर ने उससे बलात्कार किया और जब उसने अपने पति से उसकी शिकायत की, तो उसके पति ने उसे अपनी जुबान बंद रखने को कहा। महिला ने यह आरोप भी लगाया कि उसका पति उसके हाथों को ब्लेड से चीर कर उसी हालत में रसोई का काम करने को मजबूर करता था। 17 जून को ही अमृतसर (पंजाब) में किसी व्यक्ति ने एक युवक-युवती की वीडियो सोशल मीडिया पर डाली। इस वीडियो में एक युवक एक युवती के गुप्तांग पर नशे का टीका लगाता दिखायी दे रहा था। गुस्सा, भावनाओं की प्रबलता और अव्यावहारिक इच्छाएं लोगों पर जिस तरह हावी हो रही हैं, उसका परिणाम इस तरह की घटनाओं के रूप में सामने आ रहा है। अतः ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए समाज में नैतिक शिक्षा का दायरा बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि ये घटनाएं विकृत मानसिकता का ही परिणाम हैं। ऐसी घटनाओं में शामिल लोगों को कठोरतम दंड देने की भी आवश्यकता है।

**गुस्सा, भावनाओं की प्रबलता और अव्यावहारिक इच्छाएं लोगों पर जिस तरह हावी हो रही हैं, उसका परिणाम इस तरह की घटनाओं के रूप में सामने आ रहा है। अतः ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए समाज में नैतिक शिक्षा का दायरा बढ़ाने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**फादर जॉन बैपटिस्ट हॉफमैन का जन्म जर्मनी के वालन डोरफ शहर में 21 जून, 1857 को हुआ था। जर्मन और बेल्जियम में शिक्षा ग्रहण कर वे 20 अप्रैल 1877 को येसु समाज से जुड़े। उन्होंने पहले ही येसु समाज का अध्ययन किये थे। वे 4 दिसंबर, 1877 को भारत आये। 18 जनवरी, 1891 को कलकत्ते में उनका पुरोहिताभिषेक हुआ। उन्होंने 1893 में मुंडाओं के बीच अपना सक्रिय मिशनरी जीवन आरंभ किया। उन्होंने फादर लीवेन्स ये0से0 की बनायी नीतियों का अनुसरण कियां।**

# फादर जॉन बैपटिस्ट हॉफमैन की आर्थिक नीति



डॉ मोहम्मद जाकिर



फा0 हॉफमैन ने को-ऑपरेटिव का आरंभ किया, ताकि उन्हें जीवन की आवश्यक वस्तुएं मिल जायें। कृषि से जो उपज होती है, उसके लिए वे उचित मूल्य भी प्राप्त कर सकें। हर गांव को बैल, धान जमा लिया जाता, जो अगली बार बीज के काम आता। कई गांवों में आदिवासियों को जागरूक करने के लिए मिशन का दौरा कर संस्था में पैसा जमा करने का लाभ बताया जाता था। कैसे महाजन और जमींदारों के कर्ज के विषैले जाल में फंस उनका शोषण करते थे। फा0 हॉफमैन को कुछ मिशनरियों द्वारा विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने इस मिशन में टिके रहे।

भारत से करीब 7000 किमी की दूरी पर स्थित जर्मनी से छोटानागपुर की सरजमीं पर आकर न केवल मिशन के कार्य किये बल्कि सामाजिक कार्यों में जरूरतमंदों के लिए सहकारी बैंक, आदिवासियों के भूमि सर्वेक्षण और संरक्षण तथा मुंडारी भाषा का व्याकरण और 15 खंड में विशाल ग्रंथ 'इंसाइक्लोपीडिया मुंडारिका' लिखे।

फादर जॉन बैपटिस्ट हॉफमैन का जन्म जर्मनी के वालन डोरफ शहर में 21 जून, 1857 को हुआ था। जर्मन और बेल्जियम में शिक्षा ग्रहण कर वे 20 अप्रैल 1877 को येसु समाज से जुड़े। उन्होंने पहले ही येसु समाज का अध्ययन किये थे। वे 4 दिसंबर, 1877 को भारत आये। 18 जनवरी, 1891 को कलकत्ते में उनका पुरोहिताभिषेक हुआ। उन्होंने 1893 में मुंडाओं के बीच अपना सक्रिय मिशनरी जीवन आरंभ किया। उन्होंने फादर लीवेन्स ये०से० की बनायी नीतियों का अनुसरण कियां।

सन 1892 में फा० हॉफमैन ने येसु समाजी का अपना अंतिम प्रशिक्षण समाप्त किया। इसके बाद उनकी नियुक्ति बंदगांव में हुई। वहां से वे सरवदा गये। खूंटी का यह क्षेत्र मुंडा जनजाति बहुल था/है। वहां के आदिवासी जमींदारों, सरकार तथा मिशनरियों के विरुद्ध थे। इसी दौरान बिरसा मुंडा भी इस इलाके में सक्रिय थे। उनके बीच मिशन का काम करना काफी कठिन था।

**फादर हॉफमैन ने दृढ़ निश्चय, ईमानदारी, बुद्धिमानी और निष्ठा से कैथोलिक को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी का संचालन किये।**

फा० हॉफमैन ने कमिश्नर के द्वारा सरकार को एक योजना बनाकर दी। छोटा नागपुर के आदिवासियों की कई शिकायतें थीं, जिसमें हर किसान को उनके खेतों पर कानून के अनुसार अधिकार मिले और उनके खेतों का नाप ठीक-ठीक लेकर नक्शे में चिन्हित किया जाये।

फा० हॉफमैन ने मुंडारी भाषा सीखी। सरवदा में रहते फा० हॉफमैन ने छोटानागपुर के आदिवासियों के खूंटकट्टी और भूमिहारी अधिकारों का गहन अध्ययन कर सरकार को रिपोर्ट भेजी। इस रिपोर्ट पर 2 फरवरी, 1902 को भारत सरकार ने सर्वेक्षण और भूमि संरक्षण कार्यों के प्रारंभ का अनुमोदन किया। खूंटी और तमाड़ में एडवर्ड लिस्टर के देखरेख 8 मार्च, 1902 को सर्वेक्षण कार्य शुरू हुआ. आगे चल कर सरकार ने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट, 1908 को पारित किया। इस तरह सीएनटी एक्ट की ड्राफ्टिंग में फादर हॉफमैन का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सन 1907 के जून में फा० हॉफमन बीमार पड़े, जर्मनी लौटे, स्वास्थ्य लाभ उपरांत जनवरी 1908 को वे जर्मनी से लौटे। पुनः अपने मिशन के समाज सेवा कार्य में लग गये। उन्होंने राइफांस्टाइन बैंक पद्धति का गहरा अध्ययन किये। को-ऑपरेटिव बैंक शुरू करने में पहले फा० हॉफमैन ने 'छोटानागपुर में सामाजिक कार्य' नामक एक पुस्तक लिखी। वे अपने इस विचार को मिशनरियों के समकक्ष रखी। छोटानागपुर में दो को-ऑपरेटिव संस्था स्थापित किये। एक गृहस्थों की आर्थिक सुरक्षा के लिए और दूसरी उनकी व्यापार हेतु आर्थिक तंगी के कारण आदिवासियों को असम के चाय बगानों में काम करने जाना पड़ता था।

वहीं मवेशियों का बीमार पड़ने, फसल बर्बाद होने, भूमि वापसी के लिए मुकदमा लड़ने आदि कार्यों के लिए कर्ज लेने से वे जमींदारों के चंगुल में फंस जाते थे। सूदखोर उनसे 100% से 150% और कभी इससे भी ज्यादा सूद लेते थे। इसके लिए उनको अपनी जमीन और अपनी सम्पत्ति बंधक में देनी पड़ती थी। मजबूरन उन लोगों को असम के चाय बगानों में मजदूरी करने जाना पड़ता था। फा० हॉफमैन ने पलायन को रोकने का निश्चय किया। वे उनकी गरीबी कम करने के लिए सहकारी बैंक स्थापित किये। आज के संदर्भ में 'माइक्रो फाइनेंस' कहा जा सकता है।

छोटानागपुर कैथोलिक को-ऑपरेटिव सोसाइटी की संरचना राइफांस्टाइन बैंक पद्धति पर आधारित था। फा० हॉफमैन ने शेयर का मूल्य 10 रुपये रखा ताकि गांव के लोग ले सके। सदस्य बनने के लिए लोगों को 1/2 रुपये शुल्क देना पड़ता था। ऋण के लिए मात्र 9.3 प्रतिशत ब्याज लिया जाता था, जो सूदखोरों द्वारा ली जाने वाली सूद से काफी कम थी। एक अंचल में छह गांवों को शामिल कर उसे 'सर्कल (अंचल) देहात यूनिट' बनाया जाता था। यह देहात यूनिट बाद में 'स्वायत्त को-ऑपरेटिव सोसाइटी' बनी। सोसाइटी नियमानुसार चलायी जाती थी। सदस्य प्रति माह बैंक के पैसा जमा करने के लिए पैरिश आते थे।

पल्ली पुरोहित सर्कल के खाते में पैसे चढ़ा कर जमाकर्ता को एक रसीद देते, जिसमें उसका नाम और पैसे की रकम लिखी जाती थी। प्रपत्रों में पल्ली पुरोहित का हस्ताक्षर होता था, जिसे रांची मुख्य बैंक के खजांची या सचिव या प्रबंधक के यहां भेजा जाता था। महीने की सभा में कर्ज के लिए आवेदन पत्र लिया जाता था। कर्ज लेने का उद्देश्य, जांच उपरांत कर्ज दिया जाता था। फा० हॉफमैन ने इसके लिए सरकार से स्वीकृति प्राप्त की। 2 दिसंबर 1909 को छोटानागपुर कैथोलिक को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी का अनुबंध हुआ। यहां के आदिवासी पूरी तरह कृषि पर निर्भर करते थे। फा० हॉफमैन ने को-ऑपरेटिव का आरंभ किया, ताकि उन्हें जीवन की आवश्यक वस्तुएं मिल जायें। कृषि से जो उपज होती है, उसके लिए वे उचित मूल्य भी प्राप्त कर सकें। हर गांव को बैल, धान जमा लिया जाता, जो अगली बार बीज के काम आता। कई गांवों में आदिवासियों को जागरूक करने के लिए मिशन का दौरा कर संस्था में पैसा जमा करने का लाभ बताया जाता था। कैसे महाजन और जमींदारों के कर्ज के विषैले जाल में फंस उनका शोषण करते थे। फा० हॉफमैन को कुछ मिशनरियों द्वारा विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने इस मिशन में टिके रहे। वे कई जगह कैथोलिक को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी और को-ऑपरेटिव सोसाइटी खोली। निश्चय ही बैंक ने आदिवासियों को साहूकारों-सूदखोरों के चंगुल से बचाया। फा० हॉफमैन ने दृढ़ निश्चय, ईमानदारी, बुद्धिमानी और निष्ठा से कैथोलिक को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी का संचालन किये।

छोटानागपुर के कैथोलिक विश्वासी लोग उनके द्वारा किये गये धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा ऋणी रहेगा।

## कोल्हान की खबरें

### सिंहभूम प्रमंडल डाक विभाग की वार्षिक समीक्षा बैठक

# उत्कृष्ट कर्मी सम्मानित, डाक सेवाओं में नवाचार और लक्ष्य पूर्ति पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** वरिष्ठ डाक अधीक्षक कार्यालय सिंहभूम प्रमंडल जमशेदपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि निदेशक डाक सेवाएं झारखंड परिमंडल आरवी चौधरी उनके साथ प्रवर डाक अधीक्षक उदयभान सिंह, उप डाक अधीक्षक सुधीर कुमार, मंडल के सभी सहायक डाक अधीक्षक, डाक निरीक्षक एवं डाकपाल उपस्थित रहे। मौके पर निदेशक आरवी चौधरी ने सभी डाककर्मियों को कॉर्पोरेट संस्कृति की तर्ज पर अपने कौशल को विकसित करने और समय की महत्ता को समझने का संदेश दिया। वहीं प्रवर डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने कहा आम नागरिकों को बेहतर सेवा देना प्रत्येक कर्मचारी की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कर्मियों की सभी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा।

उप डाक अधीक्षक सुधीर कुमार ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कर्मचारियों को अपने घर, स्कूल, समाज के बीच संवाद और जागरूकता के जरिए उत्पादों की जानकारी साझा करनी चाहिए। इस अवसर पर बीते वित्तीय वर्ष में बचत खाता खोलने और डाक जीवन बीमा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डाककर्मियों को निदेशक आरवी चौधरी द्वारा पुरस्कार और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मियों में प्रथम स्थान विनोद कुमार उप डाकपाल टाटानगर उप डाकघर, द्वितीय हेमंत कुमार पति डाकपाल चाईबासा प्रधान डाकघर, तृतीय हिमांशु सिरका उप डाकपाल हाटगम्हरिया उप डाकघर शामिल रहे। डाक जीवन बीमा श्रेणी में प्रथम स्थान बासुदेव गिरी डाक अधिदर्शक, पूर्वी अनुमंडल, द्वितीय हरिशंकर कुमार एमटीएस गोलमुरी उप डाकघर, तृतीय विनोद कुमार उप डाकपाल टाटानगर उप डाकघर को सम्मानित किया गया।

# सोनारी आदर्श नगर में सर्वे कर नाली बनाने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते दिनों सोनारी आदर्श नगर 7वें फेज व उसके आसपास के इलाकों में लगातार बारिश में जल जमाव की स्थिति उत्पन्य होने से सैकड़ों बाइक और कार को काफी नुकसान पहुची थी। पानी निकले के बाद सभी स्थानीय निवासियों को अपनी कार और बाइक में भारी नुकसान उठाना पड़ा।कोई बाइक ठेल कर गैरेज पहुचे,तो कोई मिस्त्री बुलाकर हजारों रुपया लगाकर गाड़ी का मरम्मत कराया।सिर्फ इतना ही नही नीचे तल्ला में रहने वाले सभी घरों में खिड़की और बेलकोनी से वारिस में नाला का पानी प्रवेश कर सभी सामान को काफी नुकसान पहुचाया। वही कार मालिक को क्रेन तक बुलाना पड़ा। इस परिस्थिति में स्थानीय लोगों की शिकायत पर विधायक सरयू राय ने संज्ञान में लिया। रविवार को जेएनएसी के संजय सिंह,सहायक अभियंता सचिन झा, सिटी मैनेजर जय गुड़िया एवं अन्य कर्मचारियों अधिकारियों की टीम के साथ जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा,आशुतोष राय, मुकेश कुमार, रवि ठाकुर, हरे राम सिंह, रंजीत प्रसाद घटना स्थल पहुंचे। सोसाइटी के लोगो ने मुकुल मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। श्री मिश्रा ने इस संबंध में उचित समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद आदर्श नगर फेज-7 में जेएनएसी की टीम ने सर्वे कर इलाके में एक अन्य नाली बनाने का निर्णय लिया। ताकि घरों से जल निकासी में दिक्कत ना हो।

# जमशेदपुर में भूमिहार महिला समाज ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए भूमिहार महिला समाज ने कदमा स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती भवन परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। रविवार को आयोजित शिविर में स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया गया और समय पर बीमारी की पहचान कर उन्हें जागरूक किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों, खासकर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों ने भाग लिया। सभी ने विभिन्न प्रकार की जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में ब्लड प्रेशर जांच,ब्लड शुगर परीक्षण, हीमोग्लोबिन स्तर जांच, नेत्र परीक्षण, हड्डी एवं जोड़ रोग परामर्श,महिला स्वास्थ्य परामर्श, जनरल हेल्थ चेकअप की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गयीं। स्वास्थ्य शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच की और जरूरी परामर्श भी दिया।

# सूरज ऑटोमोबाइल में चोरी के मामले का पुलिस ने किया खुलासा,दो आरोपी गिरफ्तार



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावा जिले के आदित्यपुर पुलिस ने सूरज ऑटोमोबाइल कंपनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया।पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश पुष्टि और प्रकाश यादव शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से 13 पीस लोहे की पत्तियां,8 अन्य लोहे के सामान,एक हथौड़ा और कॉपर वायर बरामद कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 स्थित सूरज ऑटोमोबाइल कंपनी में बीते कुछ दिनों से लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही थीं। कंपनी प्रबंधन ने इन घटनाओं को रोकने के लिए कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।प्रबंधन ने आदित्यपुर पुलिस को लिखित शिकायत दी।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच के दौरान आरोपी को रंगे हाथों चोरी करते हुए पकड़ लिया। पूछताछ के बाद दोनो आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी दल में नागमणि सिंह, नीतीश कुमार पांडे और राघवेंद्र सिंह शामिल रहे।

# कदमा इस्कॉन में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा 27 को निकलेगी

**तैयारियां अंतिम चरण में, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर के कदमा इस्कॉन मंदिर में रथ संचालन समिति के द्वारा इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की वार्षिक रथ यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जायेगी। रविवार को जानकारी देते हुए मंगला महतो ने बताया 27 जून (शुक्रवार) को शाम 3:00 बजे से यात्रा निकाली जायेगी। इस भव्य आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रथ यात्रा की शुरुआत कदमा स्थित इस्कॉन मंदिर से होगी और यात्रा एयरबेस कॉलोनी के सामने स्थित ब्रह्मलोक धाम, कदमा मेन रोड, कदमा बाजार होते हुए रंकिनी मंदिर तक जायेगी। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, महाप्रसाद और भक्ति गीतों का आयोजन किया जायेगा। भगवान श्रीजगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा माता को रथ पर विराजमान कर विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी। यात्रा मार्ग में 4-5 प्रमुख स्थलों पर स्वर्ण ज्योति (दीप) के माध्यम से विशेष महाआरती होगी। उन्होंने बताया यह ऐतिहासिक यात्रा न केवल एक धार्मिक आयोजन बल्कि सामाजिक समरसता और भक्ति भाव का प्रतीक है, जो समाज को एक सूत्र में बांधता है। उन्होंने श्रद्धालुओ को इस आयोजन में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए अपील की।

# विधायक सरयू राय भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का करेंगे भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** हालिया बारिश से शहर में उत्पन्न जल जमाव और उससे हुए नुकसान को लेकर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय आगामी 24 जून को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित करेंगे। यह बैठक बिष्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में शाम 4:30 बजे से होगी। बैठक का उद्देश्य बारिश के दौरान हुए जल जमाव के कारणों की समीक्षा करना, प्रभावित क्षेत्रों का समाधान खोजना और दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा करना है।

विधायक सरयू राय ने बताया बैठक से पहले वे स्वयं शहर के उन इलाकों का भ्रमण करेंगे जो बीते दिनों की भारी बारिश से सबसे अधिक प्रभावित हुए थे। भ्रमण के दौरान वे जमीनी स्तर पर समस्याओं की जानकारी लेंगे और स्थानीय लोगों से फीडबैक प्राप्त करेंगे, ताकि समीक्षा बैठक में तथ्यों के आधार पर ठोस निर्णय लिए जा सकें। श्री राय ने बयान जारी कर कहा सरकारी तंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था गंभीर खामियों से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया विकास परियोजनाओं में जमीनी वास्तविकताओं और प्राकृतिक प्रवृत्तियों की अनदेखी की जा रही है, जिससे आमजन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विधायक ने कहा यदि योजनाएं आमजन और प्रकृति को केंद्र में रखकर नहीं बनेंगी तो शहर को आगे भी इसी तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।विधायक ने यह भी कहा सरकार की शहरी विकास नीतियों में स्पष्टता का अभाव है। जल निकासी और कचरा प्रबंधन जैसी बुनियादी समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। योजनाएं बनती तो हैं लेकिन उनका लाभ लोगों तक नहीं पहुंचता। विभागों में स्टाफ की भारी कमी है, संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो रहा, जिससे समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। आगामी 24 जुन को बैठक में अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान पर मंथन किया जाएगा।

श्री राय ने आमजनों, सामाजिक संगठनों और संबंधित विभागों से इस महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता की अपील की।

# एसआइएसएफ जवान को नम आखों से दी गयी अंतिम विदाई





आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** शनिवार को अहले सुबह हजारीबाग जिले के कटकम दाग थाना क्षेत्र के बड़का गांव कोल साइडिंग में वॉच टावर पर तैनात एसआईएसएफ के जवान को अपनी ही सर्विस रायफल से गोली लगने से मृत जवान मिथिलेश यादव का पार्थिव शरीर रविवार को आले सुबह सगमा पहुंचा। गांव में शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों नम आखों से किया अंतिम विदाई। उल्लेखनीय है कि शनिवार के पहले सुबह मिथिलेश यादव वॉच टावर पर तैनात थे, शौच के लिए नीचे उतरने के दौरान पैर फिसलने से अपने ही राइफल से उन्हें गोली लग गई थी। इस दौरान घटनास्थल पर ही उनका मृत्यु हो गयी थी। मृत्यु के बाद हजारीबाग पुलिस प्रशासन ने जांच करते हुए सभी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को परिजनों को देर रात में सुपुर्द किया गया था।

उनका अंतिम संस्कार बंबा डैम के किनारे किया गया मृत जवान के एक नन्हा से इकलौता पुत्र के द्वारा मुखाग्नि दिया गया। इस हृदय विदारक दृश्य को देखते ही उपस्थित जन सैलाब फुट फुट कर रो रहे थे। जवान के अंतिम विदाई के समय उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष ताहिर अंसारी, जदयू नेता रवि प्रकाश, हरिदास यादव, प्रमुख अजय शाह, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, पूर्व उप प्रमुख संजय यादव, भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, सखीचंद प्रजापति, मुखिया तेजलाल राम, पूर्व मुखिया नारायण दास यादव, देवचंद यादव, चंदन यादव, योगेंद्र प्रसाद यादव, बिंदेश यादव, अभिमन्यु यादव, जनार्दन प्रसाद यादव, अजय यादव हजारी प्रसाद यादव मुखिया पति राजेंद्र राम राजेश बैठा धर्मजित यादव एसआईएसएफ जवान एवं धुरकी पुलिस सहित के साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भंडरिया प्रखंड में लंगड़ा बीमारी से मचा हाहाकार, दो दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत, वेटरनरी सेवाएं ठप

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** गढ़वा जिला के भंडरिया प्रखंड अंतर्गत नौका, मरदा, सिकरिया, बंजारी एवं दुर्गाडीह गांव में पशुओं के बीच लंगड़ा बीमारी गाल फूलना जीभ मे फोडा होने से खाना पीने से वंचित हो जाते हैं, उससे विकराल रूप ले लिया है। बीते एक सप्ताह में दो दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत हो चुकी है। इस बीमारी की चपेट में आकर पशु पहले लंगड़ाने लगते हैं, फिर चलना-फिरना बंद कर देते हैं और अंततः दम तोड़ देते हैं।

बीमारी से जिन ग्रामीणों के पशुधन की मौत हुई है, उनमें प्रमुख रूप से जोगी सिंह, रजनी लकड़ा, रामचंद्र सिंह, जगमोहन सिंह, गोला सिंह, रामधनी सिंह, विनोद प्रसाद केसरी और सोती साव शामिल हैं। इन किसानों के लिए मवेशी ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन थे, जिनकी मौत से उनके सामने आर्थिक संकट




उत्पन्न हो गया है।

**पशु चिकित्सक नहीं, अस्पताल पर ताला, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल :** ग्रामीणों ने बताया कि बीमारी के शुरूआती लक्षण दिखते ही वे भंडरिया स्थित वेटरनरी हॉस्पिटल पहुंचे, लेकिन वहां हर बार ताला लटका मिला। स्थानीय निवासी तजमुल अंसारी का कहना है कि वे पिछले 10 दिनों से अस्पताल का चक्कर काट रहे हैं, परंतु उन्हें न कोई चिकित्सक मिला और न ही कोई मदद। गांवों में कोई भी स्थायी पशु चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी तैनात नहीं है।

**इलाज के अभाव में तड़प-तड़प कर मर रहे हैं मवेशी :** ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बिना उचित इलाज के पशु तड़प-तड़प कर मर रहे हैं.लंगड़ा बीमारी एवं अन्य संक्रामक रोग के लक्षण स्पष्ट दिख रहे हैं, लेकिन दवा, वैक्सीनेशन, जांच या किसी प्रकार की सहायता अब तक नहीं मिल पायी है।

**प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप और मुआवजे की मांग :** ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस आपात स्थिति में तुरंत पशु चिकित्सक की टीम भेजी जाए, बीमार पशुओं का उपचार हो और मृत पशुओं के मालिकों को उचित मुआवजा दिया जाये। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे प्रखंड कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

इस मामले में चिकित्सा पदाधिकारी रणजीत डे ने बताया कि एक कर्मी का तबियत खराब होने की वजह से परेशानी हुई है. आगामी बुधवार तक कैम्प का आयोजन कर पशुओं का ईलाज का किया जायेगा।

## मेराल में फ्लाइ ओवर के नीचे दरवाजे से हुई बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय में बस स्टैंड से पहले फ्लाई ओवर के नीचे पिलर नंबर 27 के पास एक घर के दरवाजे से शनिवार की रात्रि में अज्ञात चोर ने बाइक की चोरी कर ली। इस मामले में सदिक अंसारी ने अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। सादिक द्वारा बताया गया की हमेशा की तरह वह शनिवार की रात्रि 10 बजे अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 14 एफ 2766 को घर के दरवाजे के पास स्टेरिंग लॉक कर खड़ा कर दिया था। सुबह जब बाहर निकाला तो देखा कि मोटरसाइकिल दरवाजे से गायब है, अगल-बगल पता करने पर भी कुछ पता नहीं चला। लोगों ने कहा कि आए दिन मेराल बस स्टैंड सब्जी बाजार से मोबाइल चोरी की घटना आम बात है। पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने तथा घर के दरवाजे से बाइक चोरी की घटना से चोरों के बढ़ते मनोबल को दर्शाता है।

## रंका बीडीओ और सीओ सहित अन्य लोगों ने किया योग



**रंका (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी एवं रंका आर के प्लस टू उवि में भाजपा कार्यकताओं ने योग किया। रंका प्रखंड परिसर में बीडीओ शुभम बेला तोपनों और सीओ शिव पूजन तिवारी को योग शिक्षक त्रिलोकी प्रसाद कमलापुरी एवं रंका हाई स्कूल में योग शिक्षक सीआरपी पत्रकार संजय प्रसाद ने योग कराया। रंका बुनियादी विद्यालय में प्रधानाध्यापक दीपक कुमार एवं एनपीएस गोताटोला भलुआनी में प्रधानाध्यापक दयाशंकर ठाकुर के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। रंका नेता जी सुभाष चंद्र बोस समर्थ आवासीय विद्यालय में भी योग शिविर आयोजित किया गया।

### आरके पब्लिक स्कूल हूर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का सरल माध्यम है : प्रधानाचार्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल, हूर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास एवं उल्लासपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या नसरीन हक के स्वागत भाषण और सामूहिक प्रार्थना से हुई। अपने प्रेरक संबोधन में प्रधानाचार्या ने बच्चों को योग के महत्त्व और उसकी दैनिक दिनचर्या में अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शरीर को



स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक बल और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का सरल एवं सशक्त साधन है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं और कर्मचारी गण की सराहना भी की। कार्यक्रम के प्रशिक्षक मनोज संसाई ने बच्चों को योग के विविध आयामों से परिचित कराया और ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम जैसे महत्वपूर्ण योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के दो अन्य शिक्षकों ने भी मनोज संसाई का सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने जोश और उमंग के साथ सभी योगासनों का अभ्यास किया तथा इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय में एक पोस्टर प्रदर्शनी और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने योग से जुड़े विविध पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा अपनी रचनात्मकता और वक्तृत्व कला का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को ऐतिहासिक, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बनाकर न केवल योग की उपयोगिता को रेखांकित किया, बल्कि 'स्वस्थ तन, शांत मन और सकारात्मक जीवन' की ओर अग्रसर होने का संदेश भी दिया।

# हरिहरपुर में झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच वर्चस्व की जंग, सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कांडी प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पार्टी में आंतरिक विवाद चरम पर है। पार्टी में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच घमासान मचा हुआ है। हाल ही में पंचायत कमिटी के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी से इस्तीफा दिए जाने के बाद मामला और भी गरमा गया है। विरोधी गुट ने बयान जारी कर दावा किया कि विकास सिंह पार्टी के अधिकृत कार्यकर्ता नहीं हैं और वह पार्टी की छवि को धूमिल करने की साजिश रच रहे हैं। वहीं, मझिगांवा पंचायत अध्यक्ष रमेश रजवार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विकास कुमार सिंह को झामुमो युवा मोर्चा गढ़वा के जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार



सिंह द्वारा जून 2023 में हरिहरपुर पंचायत अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया था, जिसका लिखित प्रमाण भी मौजूद है। रमेश रजवार ने कहा कि विकास सिंह ने पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है तथा उन्होंने पार्टी विरोधी कोई कार्य नहीं किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के कुछ तथाकथित कार्यकर्ता अवैध बालू खनन में लिप्त हैं और पार्टी के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण को लेकर मझिगांवा पंचायत के सचिव शैलेन्द्र विश्वकर्मा ने चेतावनी दी कि यदि पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते, तो वे सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों सहित सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होंगे। इस मौके पर शैलेन्द्र विश्वकर्मा, रमेश रजवार, देवनाथ रजवार, दीपू शर्मा, राहुल सिंह, अनिल कुमार साह, मुनीप बैठा समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। झामुमो पार्टी में उठे इस अंदरूनी विवाद से स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

# नवनिर्मित गोंदा देवी धाम मंदिर के गुंबद पर भव्य कलश की हुई स्थापना

आकर्षक व भव्य मंदिर निर्माण का चारों तरफ हो रहा है चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के गोंदा में लोगों के आस्था का प्रतीक देवी धाम का भव्य मंदिर निर्माण कार्य जो पिछले तीन वर्षों से अनवरत चल रहा था लगभग पूर्ण हो चुका है। रविवार को नवनिर्मित गुंबद को सुशोभित करने वाला कलश और सर्व रक्षार्थ हेतु आस्था का प्रतीक मां जगदंबे के त्रिशूल को बाजे गाजे के साथ देवी धाम के पुजारी के द्वारा विधि- विधान से पूजन-अर्चना कर गुंबद के शीर्ष पर स्थापित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों और मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों के लिए यह उत्सव से कम नहीं था। इस अवसर पर गांव के ही कीर्तन



मंडली द्वारा किये गये भजन कीर्तन से गांव का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। बता दें कि देवी धाम का नवनिर्मित भव्य व आकर्षक मंदिर के गगनचुंबी गुंबद की भव्यता एवं सुंदरता लोगों के मन को मोहित करने वाला है। भव्य व आकर्षक मंदिर का चर्चा अब आसपास के कई गांव में भी होने लगा है। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष शशिकांत दुबे, उपाध्यक्ष सुनेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार अरुण, सचिव अमित कुमार साह, संयुक्त सचिव दिवाकर कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्ण देव प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष विजेश्वर प्रजापति, कलेक्शन प्रभारी कृष्णा साह, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनदीप कुमार, चंदन कुमार, मुकेश प्रजापति, विनोद महतो, दीपक साह, दिनेश, वीरेंद्र, विजयमल साह, विश्वनाथ साह, दिनेश कुमार ठाकुर, अरुण विश्वकर्मा, धर्मेंद्र साह, बटेश्वर साह, भागीरथी विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, ब्रह्मदेव कुशवाहा, सुजीत कुमार, रामलाल साह, सुदर्शन प्रजापति, गौरव प्रजापति, रामानुज प्रजापति, चैतू प्रजापति, मानिक यादव, नंदू प्रजापति आदि लोग शामिल थे।

# पत्रकार की 105 वर्षीय दादी सहोदर कुंवर का निधन, शोक

**वह स्वर्गीय रामचरित्र मेहता की पत्नी थीं और वरिष्ठ पत्रकार अमित मेहता की दादी थीं**

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड अंतर्गत एक अत्यंत वृद्ध महिला सहोदर कुंवर का सोमवार को 105 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्वर्गीय रामचरित्र मेहता की पत्नी थीं और वरिष्ठ पत्रकार अमित मेहता की दादी थीं। उनके निधन से पूरे परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। उन्होंने अपने जीवन में अनेक संघर्षों का सामना करते हुए अपने परिवार को संस्कारित और शिक्षित बनाया। उनका जाना पूरे परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वहीं उनकी अंतिम यात्रा उनके पैतृक गांव से शुरू हुई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। उनके पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक कोयल नदी के घाट पर ले जाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार के दौरान उनके पुत्रों – केशनाथ मेहता, श्रावण मेहता, पारस मेहता, और पोतों – राजू मेहता, राजा मेहता, पत्रकार अमित मेहता, विवेक मेहता तथा उदय कुमार ने उन्हें कंधा दिया। संस्कार की विधियों के अनुसार, छोटे पुत्र पारसनाथ मेहता ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान पूरा वातावरण शोकाकुल था। परिजन जहां लगातार रोते-बिलखते रहे, वहीं ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं। उनके निधन से गांव के एक युग का अंत हो गया है।

# महिला विकास समिति ने किया पौधरोपण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत महिला विकास समिति के सभी पदाधिकारी बहने लीलावती तिवारी के चाहरदीवरी के अंदर वृक्षारोपण की। जिसमें नींबू अमरूद, पपीता, आम, जामुन फलदार वृक्ष लगाए। अध्यक्ष बीना अग्रवाल की अध्यक्षता में वृक्षारोपण की गयी। मौके पर बोलते हुए अध्यक्ष ने कहा कि वृक्षारोपण का महत्व अनमोल है। पेड़ पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं। सभी जीवों को ऑक्सीजन भी प्रदान करता है। सचिन मीना बोली की पौधारोपण करने से फल फूल लकड़ी और छाया मिलता है। पेड़ ऑक्सीजन का स्रोत है, जो जीवन के लिए आवश्यक है। मौके पर उपस्थित बिना शर्मा सविता शर्मा, पुष्पा अग्रवाल शकुंतला केसरी, सुषमा केसरी श्वेता अग्रवाल, मीना केसरी, अंजू शर्मा, ललिता केसरी, गायत्री केसरी इत्यादि उपस्थित थीं।

# एसजीएन किंडर गार्टन कॉन्वेंट स्कूल के नव निर्मित भवन का हुआ शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के यूरिया नदी रोड में एसजीएन किंडर गार्टन कॉन्वेंट स्कूल के नव निर्मित भवन का शुभारंभ पूजा अर्चना और 24 घंटा बाबा नाम केवलम के अखंड कीर्तन कर किया गया। शनिवार की प्रातः में प्रारंभ हुई धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का समापन रविवार को भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर मुख्य रूप से आचार्य हरिकृपानंद अवधूत एवं आचार्य सिद्धाथार्नंद अवधूत, गढ़वा जिला आनंद मार्ग के भुक्ति प्रधान सह विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव, यूनिट सेक्रेटरी व



विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, प्रोफेसर राजमोहन, दिनेश प्रसाद, गिरिजा नंदन विश्वकर्मा, रोहित कुमार, चंदन देव के साथ बड़ी संख्या में आनंदमार्गी महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे। इस अवसर पर डी एस आचार्य हरिकृपानंद अवधूत ने बताया कि गृह प्रवेश जैसे शुभ अवसर पर परमात्मा को स्मरण कीर्तन अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसे शुभारंभ से परिणाम शुभ होता है।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है : रामजीवन

**पतंजलि के राज्य प्रभारी का मेराल में कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल ।** पतंजलि योग समिति के झारखंड राज्य प्रभारी रामजीवन पांडे अपने दो दिवसीय गढ़वा जिला में प्रवास के दौरान रविवार को मेराल पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पतंजलि के प्रखंड कार्यालय समिति के संरक्षक व जिला के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, मुखिया रामसागर महतो, प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, शिक्षक विनोद कुशवाहा, रविंद्र कुशवाहा आदि के द्वारा फूलमाला तथा अंग वस्त्र देकर




उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री पांडे ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बारी-बारी से परिचय प्राप्त किया, तत्पश्चात उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए संगठित होकर योग कक्षा लगाने तथा प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि भगवान हमें एक वरदान मांगने का अवसर दें, तो हम सभी को हमेशा स्वस्थ रहने का वरदान मांगना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। स्वस्थ रहने से हम अपने सभी काम अच्छे से कर सकते हैं और जीवन का भरपूर आनंद ले सकते हैं। इसके अलावा, स्वस्थ रहने से हम दूसरों की भी मदद कर सकते हैं। उसे अवसर पर जिला के नवनियुक्त बीएसटी प्रभारी संतोष कुमार चौबे, जिला मंत्री प्रदीप कुमार, अजय विश्वकर्मा, संजय प्रसाद सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केंद्र का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा में पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केंद्र का भव्य उद्घाटन ग्राम चेतना डॉक्टर विजय भारती साईं हॉस्पिटल के बगल में किया गया। जिसके प्रोपराइटर योग शिक्षक उपकार कुमार गुप्ता एवं संगीता गुप्ता ने हवन पूजन के साथ अपने दुकान का विधिवत उद्घाटन पतंजलि राज्य प्रभारी रामजीवन पांडे एवं पतंजलि राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, नंदकुमार गुप्ता, सुशील केसरी, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट गढ़वा के अध्यक्ष संतोष चौबे के कर कमल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कराया। इस अवसर पर पतंजलि कोषाध्यक्ष सत्यनारायण दुबे, पतंजलि मीडिया प्रभारी संतोष पांडे, विवेकानंद पांडे, डॉक्टर विजय भारती, डॉक्टर विजय प्रसाद, सुरेंद्र केसरी, विजय सोनी, रामदास साहू, बंशीधर प्रसाद गुप्ता, उर्वशी शर्मा, रंजना जायसवाल, संगीता केसरी, अनुज कुमार केसरी, विजय कुमार गुप्ता, आनंद कुमार चौबे ,डॉक्टर सुरेंद्र शर्मा, वर्षा अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, वीणा गुप्ता, पूनम केसरी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उपकार गुप्ता ने बताया कि इस पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केंद्र में लोगों को निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही साथ पतंजलि के प्रोडक्ट का बिक्रय भी किया जायेगा। संस्था का सदस्य बनने पर उन्हें सामानों में 10% की छूट दी जायेगी। इस आरोग्य केंद्र में औषधी के साथ-साथ दैनिक उपयोग के पतंजलि के सभी सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 23 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## अशोका शाखा कमेटी का हुआ गठन, गणेश भुईयां अध्यक्ष और मथुरा मंडल बने सचिव



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोका कैंटीन में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन अशोक परियोजना शाखा कमेटी का सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष परमेश्वर गंझू एवं संचालन अनिल राम ने किया। पर्यवेक्षक के रूप में रैयत विस्थापित मोर्चा के सचिव रामचंद्र उरांव मौजूद थे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता और सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन, आरवीएम मगध अध्यक्ष बिनोद भोक्ता, विकास पांडे, तस्दीक आलम, मोहम्मद असलम,मोहरा उरांव,जागेश्वर दास, अर्जुन गंझू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। नवगठित कमेटी को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि मनोज चंद्रा ने कहा कि मजदूरों के हक अधिकार के खातिर किसी भी हद तक संघर्ष करेंगे। हम संगठित/ असंगठित मजदूरों एवं विस्थापितों की आवाज को और भी बुलंदी तक ले जायेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से परमेश्वर साव, बिरू मुंडा, बाबूलाल भगत, राजू मुरमू, दीपक उरांव, मोहम्मद मुस्ताक, मुकेश साव, अनिल राम, मोहम्मद जमशेद, अशोक पासी, अरुण, दीरपाल, इलियास टाना भगत, कामेश्वर, रवि, जुगल आदि सैकड़ों की संख्या में संगठित और असंगठित मजदूर मौजुद थे।

## जेएलकेएम के सम्मेलन में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता

पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के द्वारा बड़कागांव में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पिपरवार और खलारी क्षेत्र से कई कार्यकर्ता शामिल हुए। जानकारी के अनुसार सभी कार्यकर्ता पुरानीराय स्थित शहीद निर्मल महतो चौक में एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की और एक साथ वाहनों पर सवार होकर बड़कागांव के लिए रवाना हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डुमरी विधायक सह पार्टी के अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो शामिल हुए।

# तमाड़ प्रखंड में डायरिया से दो की मौत, दो दर्जन से अधिक लोग पीड़ित



तमाड़ प्रखंड के डोमबोडीह चिरगालडीह गांगो गांव के डायरिया से पीड़ित लोग अस्पताल में हैं भर्ती।

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के डोमबोडीह चिरगालडीह गांगो गांव में डायरिया दो महिलाओं की मृत्यु हो गयी है और दो दर्जन से अधिक लोग पीड़ित हैं। तमाड़ राजकीय अस्पताल में आधा दर्जन लोगों को पानी चढ़ाया जा रहा है और चार लोगों को रिम्स रेफर किया गया है। डोमबोडीह गांव में पिछले चार दिनों से डायरिया का प्रकोप जारी है। डोमबोडीह गांव के फागु राम महतो की पत्नी कमला देवी 60 वर्ष व लील मोहन महतो की पत्नी भादरी देवी 45 वर्ष की रविवार का मौत हो गयी। गांव के सोमा महतो 60 वर्ष, चुडामनी देवी 48 वर्ष, अंजना देवी 65 वर्ष, मोहन लाल महतो 55 वर्ष, बुधराम महतो 60 वर्ष, बानेशवर महतो 50 वर्ष, फतु महतो 50 वर्ष गांव चिरगालडीह को तमाड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पानी चढ़ाया जा रहा है। गांव में गोरा चांद महतो 50 वर्ष सुखदेव महतो 45 वर्ष गौर मोहन महतो, भाजनी कुमारी के अलावे दो दर्जन लोग डायरिया की चपेट में आ गये हैं। रविवार की शाम अंजना देवी और मोहन लाल महतो को तमाड़ अस्पताल से रिम्स भेजा गया है, वहीं गांव से रेखा देवी 33 वर्ष, विश्वनाथ महतो 36 वर्ष, पानेशवरी देवी 45 वर्ष, भजनी कुमारी 12 वर्ष, गुरु मोहन महतो 38 वर्ष का रांची में इलाज चल रहा है। तमाड़ राजकीय अस्पताल में डाक्टर सुनीता प्रभा एक्का इलाज कर रही हैं। चिकित्सकों की टीम शनिवार से ही गांव में जाकर 30 से 40 मरीजों का इलाज किया। लोग गर्मी में कुआं का पानी पीते थे। अचानक बरसात आने से कुआं का ही पानी पीने लगे, जिससे लोगों में उल्टी दस्त होने लगा और देखते ही देखते शुक्रवार को एक और रविवार को एक की जान चली गयी। चिकित्सकों की टीम गांव में पहुंचकर कुआं और तालाब वगैरह में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। रविवार की देर रात तक मरीजों का अस्पताल में आने का सिलसिला जारी रहा। पुरे डोमबोडीह चिरगालडीह गांगो गांव में और आसपास के लोग डरे व सहमें हुए है।

## रानीचुंआ रोड में सड़क के किनारे बना गड्ढा, किसी बड़े दुर्घटना को दे रहा दावत



बुंडू (आजाद सिपाही)। रानीचुंआ रोड में सड़क किनारे बना गड्ढा किसी बड़े दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। किसी दिन यहां बड़ी दुर्घटना घट सकती है। यह स्थिति यहां इस सड़क और गार्डवाल बनाने वाले ठीकेदार के कारण बनी है। सड़क बनाने के एक साल बाद सड़क किनारे गार्डवाल बनी। साथ ही साथ सड़क और गार्डवाल के बीच के खाई को ठीकेदार ने मिट्टी भरकर पाट दिया और उसके उपर ठेकेदार ने पेवरब्लॉक बिछा दिया। लगातार पानी पड़ने के कारण सड़क किनारे भरा गया मिट्टी बैठ गया। ऐसे जगहों पर सड़क गड्ढा बन गया। वहीं कई जगह पेवरब्लॉक ऊपर ही ऊपर टंगा है और सड़क नीचे खोखला हो गया है। यह स्थिति इस सड़क पर एक दो जगहों पर नहीं हुआ है बल्कि कई जगहों पर है। नया और अंजान आदमी ऐसे जगहों पर धोखा खा सकता है। लोगों ने ऐसे जानलेवा गड्ढों को अविलंब भरवाने की सरकार से मांग की है।

## प्रखंड स्तरीय मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला-खरसावां के सचिव तौसीफ मेराज के मार्गदर्शन में रविवार को ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय सभागार में मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह के 18 समूह को 66,50,000 रु, आय, जाति, आवासीय के 06 लाभुकों को प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, जॉब कार्ड आदि जैसे योजनाओं में लाभान्वित लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया गया। साथ ही कार्यक्रम में गोदभराई और अन्नप्रासन्न का भी आयोजन किया गया। मौके पर अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल के अमित खन्ना, प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी, ममता बिन्हा, पीएलवी गंगा सागर पाल, कार्तिक गोप, निर्मल घोष, दिगंबर महतो, सुबोध चंद्र महतो, इशिता, तुष्टारानी मंडल सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मचारी उपस्थित थे।

## भूतपूर्व मुखिया का निधन, शोक की लहर



मृतक महेंद्र प्रसाद महतो की फाइल फोटो।

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत निवासी पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो के पिता पूर्व मुखिया 87 वर्षीय महेंद्र प्रसाद महतो का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया है। सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले यह काफी लोकप्रिय थे। इनके निधन पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, आजसू पार्टी के सुनील सिंह, जयपाल सिंह,पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, सुषेण प्रमाणिक, रमेश सिंह मुंडा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू बाजारटांड़ के समीप रविवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर से लदी एक पिकअप वैन ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसके बाद वैन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायल युवक की पहचान तमाड़ थाना क्षेत्र के आमलेसा निवासी धनंजय सिंह मुंडा के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल सोनाहातु अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

## भाजपा ने किया संकल्प सभा का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल कमेटी के द्वारा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में 2047 तक विकसित भारत बनाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा संकल्प लिया गया। मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलायी गयी। साथ ही पार्टी को मजबूत बनाने, केंद्र सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचने सहित अन्य बातों पर भी चर्चा की गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,चतरा जिला सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मंडल, अजय कुमार सिंह, धनराज भोगता, सुखी गंझु, अनिल पांडेय, राघवेंद्र कुमार, अरुण सिंह, रीना देवी, माधुरी देवी, सुनील प्रसाद, पप्पू सोनी, जगदीश महतो, राजा कुमार, राजेंद्र चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, आर्यन कुमार, जगदीश भोगता, राजेश कुमार, आरबी सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गोल्डन बने जनता मजदूर संघ के एरिया सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



नवनियुक्त एरिया सचिव गोल्डन प्रसाद यादव।

**खलारी।** जनता मजदूर संघ क एरिया कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें गोल्डन प्रसाद यादव को एरिया सचिव बनाया गया है। एरिया सचिव बनने पर गोल्डन प्रसाद यादव ने संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम और जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया है। नवगठित कमेटी में धीरेंद्र प्रताप सिंह को अध्यक्ष, सेतु बांध सिंह, संजय कुमार सिंह, मनोज नाथ शाहदेव, अजय चौहान और गुल्फी देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। टुपा महतो, आनंद कुमार सिंह को संयुक्त सचिव, चंदन कुमार सिन्हा, मंतोष कुमार सिंह, आनंद पांडे, रविंद्र उरांव, धनंजय भारती, वीरेन पासवान को सहायक सचिव, अमिताभ चौहान को संगठन सचिव, कन्हाई गंझू, नवी मियां को सहायक संगठन सचिव और ओम प्रकाश शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा दर्जनों सदस्यों का चयन कार्यकारणी सदस्यों के रूप में की गई है। गोल्डन प्रसाद यादव को एरिया सचिव बने जाने पर श्रमिक प्रतिनिधि प्रेम कुमार, कृष्णा चौहान, पिंकू सिंह, मिथिलेश सिंह, शैलेश कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल, गोसाईडीह बुंडू में नवनिर्मित यज्ञशाला का उद्घाटन

# विद्यादान सबसे बड़ा दान : कड़िया मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल, गोसाईडीह बुंडू में रविवार को नवनिर्मित यज्ञशाला का उद्घाटन वैदिक रीति से यज्ञ कर तथा ओ३म ध्वज फहराकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष व पद्मविभूषण कड़िया मुंडा ने अपने कर कमलों से किया। कार्यक्रम में रांची से आर्य ज्ञान प्रचार समिति के अध्यक्ष एसएल गुप्ता सपत्नीक, सचिव प्रेम प्रकाश आर्य सपत्नीक, प्रधान आर्य समाज मंदिर रांची राजेन्द्र आर्य सपत्नीक, विद्यालय स्थानीय समिति के सचिव सह आर्य समाज मंत्री अजय आर्य सपत्नीक, कोषाध्यक्ष संजय पोद्दार सपत्नीक, आर्य समाज संरक्षिका सुशीला गुप्ता, डीएवी नंदराज मॉडर्न स्कूल की प्राचार्या झूंपा सिंह, विद्यालय स्थानीय समिति अध्यक्ष सुनील गुप्ता, अशोक भाटिया, पुनीत माहेश्वरी समेत सैकड़ों की संख्या में अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कड़िया मुंडा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि जिस सपने को हमने ग्रोवर साहब और समिति के सदस्यों के साथ मिलकर देखा था, वह आज साकार होता दिख रहा है। विद्यादान सबसे बड़ा दान है, और इस क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। इसके बाद सुशीला गुप्ता ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के यजमान पुरोहित अशोक पाठक ने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक क्रिया नहीं बल्कि जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। यदि राष्ट्र को चरित्रवान युवा चाहिए तो विद्यालयों में यज्ञशालाओं की स्थापना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया और कहा कि विद्यालय नैतिक शिक्षा को केंद्र में रखकर समग्र विकास की ओर अग्रसर है।

# आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

आजसु पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार क्षेत्र के कई कार्यकर्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के आह्वान पर रांची के खेलगांव में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक पार्टी के सभी कार्यकर्ता रविवार की सुबह बचरा चार नंबर स्थित सहित कृष्णा महतो चौक में जमा हुए और जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी कार्यकर्ता विभिन्न वाहनों में सवार होकर एक साथ रांची के लिए रवाना हुए। इस संबंध में पार्टी के रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो ने बताया कि रांची के खेलगांव में पार्टी के द्वारा बलिदान दिवस के रूप में स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में पार्टी को बुथ स्तर पर मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान चलाने सहित ग्रामीण जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर आगे की रणनीति बनाई जायेगी। रांची जाने वालों में मुख्य रूप से पार्टी के रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, केंद्रीय समिति सदस्य उमेश मेहता, अर्जुन महतो, मोहन महतो, शंभु गुप्ता, राजू सोनी, राजकुमार महतो, काशीनाथ महतो, दीपक कुमार सिन्हा, मनीलाल महतो, चिंतामन महतो, देवनाथ महतो, रामप्रसाद महतो, हीरा महतो, नरेश महतो सहित कई कार्यकर्ताओंका नाम शामिल है।

# पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा ने रविवार को पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी सुशीला जैन ने किया। मंच के स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संयोजिका रिंकू जैन, प्रियंका जैन एवं काजल जगनानी ने बताया कि खूंटी नगर शाखा द्वारा रविवार को 251 पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा किया गया। प्रवीण जैन ने इस वर्ष 1000 पौधे लगाने का संकल्प लिया है।

साथ ही पौधे के देखभाल के लिए जाली एवं माली की व्यवस्था सुनिश्चित की है। मौके पर मंच के पूर्व अध्यक्ष उदय भाला, अध्यक्ष अंकित जैन, अखिल सरावगी, सचिव मुकुल पीपुरिया, उपाध्यक्ष शालिनी जैन, रिंकू जैन, प्रियंका जैन, गौरव जैन, रश्मि जैन, सुशीला जैन, अशोक जैन, प्रवीण जैन, कृष जैन आदि उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा द्वारा दिनांक 22 जून 2025 को वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन समाजसेवी सुशीला जी जैन ने किया ।

स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संयोजिका युवा रिंकू जैन, प्रियंका जैन एवं युवा काजल जगनानी ने बताया कि खूंटी नगर शाखा ने आज 251 पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा किया। मौके पर मौजूद भूतपूर्व अध्यक्ष उदय भाला, अध्यक्ष अंकित जैन, पूर्व अध्यक्ष अखिल सरावगी, सचिव मुकुल पीपुरिया, उपाध्यक्ष शालिनी जैन, पर्यावरण संयोजिका रिंकू जैन, प्रियंका जैन, सह सचिव गौरव जैन, सदस्य रश्मि, सुशीला, अशोक, प्रवीण, कृष उपस्थित थे।

# मेहंदी में लाली, दूध में घी, फूल में सुगंध की तरह सृष्टि में ईश्वर व्याप्त हैं : स्वामी प्रमोद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** महर्षि मेंहीं आश्रम शबरी कुटिया शांतिपुरी मुरहू में तीन दिवसीय सत्संग कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार के सत्संग में भागलपुर कुप्पाघाट आश्रम के स्वामी प्रमोद जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि धूल के कण गिने जा सकते हैं, परंतु ईश्वर का नाम असंख्य है, गिनना संभव नहीं है। उसी में गुरु नाम भी आता है। ईश्वर पुलिंग या स्त्रीलिंग नहीं होते, वे सभी के माता-पिता, सखा -स्नेही होते हैं। मेहंदी में लाली, दूध में घी, फूल में सुगंध की तरह सृष्टि में ईश्वर व्याप्त हैं। ईश्वर वा सद्गुरु की भक्ति का मार्ग ही सुख का मार्ग है। सत्य पर चलना, झूठ, चोरी, नशा, हिंसा, व्यभिचार जैसे दुर्गुणों का पूर्णतया परित्याग कर, सत्संग करते रहने से घर स्वर्ग बन जायेगा। उन्होंने कहा कि अपनी या अपनी संतान की एक अंगुली कट जाने से कितनी पीड़ा होती है, और मनुष्य अन्य जीवों को मारकर खाते हैं, जो बिल्कुल ही सही नहीं है। स्वामी डॉ निर्मलानंद जी महाराज ने कहा कि संतों का जीवन परोपकार के लिए होता है। परमात्मा की भक्ति करने के लिए संत सद्गुरु महर्षि में हीं परमहंस जी महाराज सहित अन्य साधु - महात्माओं ने बताया है कि अपने अंदर में उतर कर गुरु द्वारा बताए ध्यानाभ्यास मार्ग पर चलकर भक्ति करना मोक्षदायी होता है। स्वामी नरेंद्र जी महाराज, स्वामी लक्ष्मण जी महाराज, स्वामी बालकृष्ण जी महाराज, स्वामी अखिलेश्वर जी महाराज, लोदरो बाबा, दिगंबर बाबा ने भी कहा कि संत ईश्वर की कृपा प्राप्त करने से ही मिलते हैं, संत मिलने पर सत्संग होता है, तभी सुधार होगा और उद्धार होगा। अतः हमें सात्विक आहार लेना चाहिए, नशा सहित सभी बुराइयों का त्याग कर भक्ति करनी चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामसूर्या मुंडा ने आश्रम पहुंचकर संतों से आशीर्वाद लिया। विधायक ने सत्संग कार्यक्रम की सराहना की, कहा कि संतों के बताए मार्ग पर चलने से ही जीवन में सुख-शांति मिलेगी। विशिष्ट अतिथि डीपीआरओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने भी संतों का आशीष लिया। उन्होंने कहा कि आश्रम इस क्षेत्र में अध्यात्म ज्ञान का अलख जगा रहा, जो प्रशंसनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ डीएन तिवारी, डॉ संजय कुमार, सगुन दास, जूरन मुंडा, राम हरि साव, सुबोध कुमार, मुचीराय मुंडा, सूरजमल प्रसाद,सुख सागर मुंडा, हरिद्वार ठाकुर, सुनील रजक, सनातन कुमार, धर्मेंद्र ठाकुर, जगन्नाथ मुंडा, अजय गुप्ता, अमर गंझू, डॉ रमेश वर्मा, डॉ महेंद्र प्रसाद, अनंत ठाकुर, कृष्णा प्रसाद, जगमोहन पुर्ती, सुरेश अकेला, विष्णु मुंडा, गणपति ठाकुर सहित सत्संगियों का योगदान है।

# बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों ने अशोक परियोजना पदाधिकारी को दिया ज्ञापन



बिजली की समस्या से परेशान बेंती पंचायत के ग्रामीणों ने अशोका पीओ के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के ग्रामीण इन दिनों बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान हैं। बताया गया कि गांव में सभी बिजली के पोल एवं तार पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं, जिसके कारण बिजली की नियमित आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पा रही है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों ने अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन देकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की। इधर प्रबंधन ने इसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए तुरंत ग्रामीणों के साथ बैठक की और समस्याओं की जानकारी ली। बैठक में ग्रामीणों ने बताया की बेती पंचायत के गांव और मोहल्ला में लगाया गया सभी बिजली का पोल एवं तार पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। कई दिनों से इसकी मरम्मति एवं तार को नही बदला गया है,जिसके कारण बिजली की परेशानी बढ़ती जा रही है। वहीं बैठक में प्रबंधन के द्वारा 20 दिनों के अंदर इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, परियोजना अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक ऋतुराज के अलावा ग्रामीणों की ओर से मुखिया प्रतिनिधि गणेश भुइयां, रोहन गंझू, सुखी गंझू, रामबालक गंझू, रचित गंझू, प्रेम ठाकुर, अरुण पासवान, लखन साव, हेमराज प्रजापति, जयराम भुइयां, खजांची प्रजापति, मनु केशरी, रोहित, अभय, नितेश, मुकेश, दिलीप, गोलू, पवन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मायापुर में ट्रांसफार्मर जला, पांच दिन से अंधेरे में है ग्रामीण



मैकलुस्कीगंज। मायापुर में ट्रांसफार्मर जल जाने से पांच दिन से अंधेरे में है ग्रामीण। ग्रामीण प्रेम गंझु ने बताया कि मायापुर शिव मंदिर के समीप 65 केवीए का बिजली ट्रांसफार्मर लगा था जो बारिश के समय ठनका से जल गया है जिसके बाद गांव में बिजली आपूर्ति बाधित हो गया है। मायापुर गांव की एक बड़ी आबादी पांच दिन से अंधेरे में रहने मो विवश हैं। शनिवार को बिजली मिस्त्री के द्वारा ट्रांसफार्मर को खोलकर ठीक करने का प्रयास किया गया, लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं ठीक हुआ। बताया गया कि अंदर में कुछ सामान जल गया है। इधर मायापुर गांव के राजेश गंझु ने इस बिजली की समस्या को लेकर स्थानीय विधायक सुरेश बैठा को भी अवगत कराया है और विधायक ने जल्द समस्या के निदान का आश्वासन दिया है।

# हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सामने लगी भीषण आग

**40 लाख से ज्यादा का सामान जल कर खाक**




आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन चौक के पास शनिवार की देर रात भीषण सडक दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार ने पहले एक स्कूटी सवार को टक्कर मारी, फिर पैदल चल रहे व्यक्ति को अपनी चपेट में लेते हुए कुछ दूरी पर जाकर खुद भी पलट गई। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दुर्घटना रात 11 बजे घटित हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि घायल कार चालक और पैदल राहगीर को गंभीर अवस्था में रिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रवीर हांसदा (46), सोम सिन्हा (45) और अर्घ चौधरी (24) के रूप में हुई है। प्रवीर हांसदसा पेशे से रांची सिविल कोर्ट के पेशकार थे। जो हादसे के समय स्कूटी से अपने रिश्तेदार के घर शाहदेव नगर सदाबहार चौक की ओर जा रहे थे। वहीं, सोम सिन्हा धनबाद विकास केंद्र में शिक्षक थे। वे रांची में अपने भाई से मिलने के लिए दुर्गा सोरेन चौक पहुंचे थे। जबकि अर्घ कार चालक है। जो प्लाजा चौक निवासी राजा चौधरी का पुत्र था। दूसरी ओर, मृतक सोम सिन्हा के बड़े भाई जयशंकर प्रसाद ने बताया कि रात 10.15 बजे तक उनकी सोम से बातचीत हुई थी। सोम ने उन्हें सूचना दी थी कि वो बूटी मोड़ से टेंपो लेकर कांटाटोली पहुंचा है। उन्हें वहां से लेने के लिए बुलाया। इस दौरान सोम दुर्गा सोरेन चौक पहुंच चुका था। जयशंकर जब दुर्गा सोरेन चौक पहुंचे तो भाई नहीं मिला। स्थानीय लोगों से बात करने पर पता चला कि वहां कुछ देर पहले दुर्घटना हुई थी। जब वे मौके पर पहुंचे तो सड़क किनारे पड़ी चप्पल देखकर अपने भाई की पहचान की। इसी प्रकार प्रवीर हांसदा के परिजन भी दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। सड़क पर पड़े जूते से उन्होंने प्रवीर की पहचान की। उधर, सूचना पाकर नामकुम पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया और मामले की जांच में जुट गये हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्गा सोरेन चौक पर वाहनों की तेज रफ्तार से पहले भी कई हादसे हो चुके है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# बेड़ो के चनकोपी गांव में 300 सालों से निकलती है रथयात्रा

## रथयात्रा में सर्व समाज की होती है भागीदारी, दिखती है समरसता





आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** रांची, लोहरदगा और गुमला जिलों की सीमा के त्रिकोण में बसे बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक खुखरा पंचायत के चनकोपी गांव में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का भव्य आयोजन होता है। इस रथ यात्रा का इतिहास 300 साल से भी अधिक पुराना है। ग्रामीण परिवेश में आयोजित होने वाली इस रथयात्रा में सामाजिक समरसता की मिशाल दिखती है। जिसमें हर जाति, धर्म एवं समुदाय के लोग एक साथ मिलकर पूजा का आयोजन करते हैं। यहां किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं रहता है। चनकोपी में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर की स्थापना का भी एक रोचक इतिहास है। खुखरा परगना में जब छोटा नागपुर का राज काज चलता था। उस समय से ही वर्तमान शाहदेव परिवार के पूर्वज यहां के जमींदार हुआ करते थे। कहते हैं कि इनके परिवार में वंश वृद्धि नहीं हो रही थी। सिर्फ एक बालक ही जीवित बच पाता था। कई पीढ़ियां ऐसे ही गुजर गईं। वर्तमान पीढ़ी से छह पीढ़ी पहले के तत्कालीन जमींदार लाल आनंद नाथ शाहदेव जगन्नाथ पूरी तीर्थ यात्रा पर गए। वहां भगवान के अलौकिक दर्शन के बाद उनके मन में महाप्रभु का मंदिर स्थापित करने का विचार आया। गांव लौट कर उन्होंने स्थानीय लोगों एवं राज मिस्त्रियों को जुटाया और मंदिर बनवाया। इस 300 साल पुराने ईंट-बालू और चूना सुर्खी से बना मंदिर आज भी मजबूती से टिका है। स्थानीय कारीगरों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की प्रतिमा बनाई। मंदिर तैयार होते ही पहले आषाढ़ में भगवान की रथयात्रा शुरू हुई जो आज भी जारी है। इसे भगवान जगन्नाथ की महिमा और कृपा ही कहेंगे कि इसके बाद शाहदेव परिवार में वंश वृद्धि होने लगी। तब से महाप्रभु के प्रति अगाध आस्था क्षेत्रीय लोगों में है। कहते हैं बड़ी से बड़ी विपदा भगवान जगन्नाथ की कृपा से टल जाती है। सुख समृद्धि की कामना लेकर दूर दराज से भक्त आते हैं।

बड़ी बात है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी यात्रा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हैं। यहां सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना काम करती है। ईश्वर एक है, पंथ अलग हैं, इसलिए सब एक हैं। वहीं, शाहदेव परिवार के मुखिया और रथयात्रा आयोजक लाल आनंद किशोर नाथ शाहदेव का 2 नवंबर 2022 को निधन हो गया। इसके बाद से लाल संजय नाथ शाहदेव की देखरेख में रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। स्व लाल किशोर नाथ शाहदेव कहना था कि महाप्रभु सबका कल्याण करते हैं। देखा जाए तो यहां सभी समाज के लोगों को महाप्रभु ने एक सूत्र में बांध रखा है। यहां समरस संस्कृति शुरूआत से ही रही है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। 20वीं सदी के शुरूआत में रथ यात्रा की व्यवस्था में अमीर अंसारी, भिखम अंसारी और इनके स्वजनों का अहम योगदान हुआ करता था। जो मंदिर का सौंदर्यीकरण करते थे। इस परंपरा को आज छेदी अंसारी और हजरत अंसारी निभाते आ रहे हैं। 100 साल पहले सोमरा लोहरा रथ निर्माण करते थे। आज यह कारीगरी उनके परिवार के शंकर लोहरा, माडू लोहरा और नंदा लोहरा निभा रहे हैं। रथ को सजाने और तैयार करने का काम गांव के पहान और पुजार पारंपरिक तरीके से करते आ रहे हैं। वर्तमान में पुरोहित बालमुकुंद मिश्रा, पुजारी नर्मदेश्वर मिश्रा के बाद अब भूलू पंडित, तेंबू पहान और पुजार बंदे उरांव रथ यात्रा से जुड़े सभी धार्मिक और पारंपरिक अनुष्ठानों को संपन्न कराते हैं। महाप्रभु का साज सज्जा एवं श्रृंगार और उन्हें रथ पर आरूढ़ करने में राम वृक्ष महतो, भवरा महतो, अर्जुन महतो, मनमोहन महतो, लाल मोहन महतो, जितुआ महतो, सुदर्शन साहू, महावीर गोप, वीरेंद्र गोप जुगल गोप, रथयात्रा संचालन में लाल राधेश्याम नाथ शाहदेव, संजय शाहदेव, सतीश शाहदेव, शशिकांत शाहदेव, सच्चिदानंद शाहदेव, संदीप शाहदेव, अरविंद शाहदेव, नवीन शाहदेव, मनदीप शाहदेव, प्रिंस शाहदेव सहित ग्राम वासियों की सक्रिय भूमिका रहती है।

# संशोधित वक्फ कानून के खिलाफ आंदोलन की रणनीति पर हुई चर्चा



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** रांची के जमीअतुल मोमेनीन चौरासी की कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को कांके के चामा नगड़ी स्थित विलेज ढाबा में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष मो मजीद अंसारी और संचालन संगठन के सचिव नूर आलम ने की। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकारिणी पदाधिकारी और सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ कानून बिल के खिलाफ होने वाले कार्यक्रम में जमीअतुल मोमेनीन चौरासी रांची पूरी जिम्मेदारी के साथ भाग लेगी। सभी क्षेत्रों से जमीयत के जिम्मेदार, मोमिन पंचायत एवं अंजुमनों के जिम्मेदार भारी संख्या में शामिल होंगें। इस दौरान सचिव ने संस्था को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चाकी, जिसे आगामी बैठक में प्रस्ताव पारित कर जिम्मेदारियां सौंप जाएगी। बैठक में शमीम अंसारी, इजहार अंसारी, उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, उपसचिव मोहम्मद हारीश अंसारी, जुनैद आलम, इसराइल अंसारी, ओवैस आजाद, जमील अख्तर, मोहम्मद ताजुद्दीन, अब्दुल इमाम अंसारी, नुरुल हुदा, रमजान अंसारी, तबारक हुसैन, मोहम्मद चांद, सलामत अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी, मुदस्सिर एहरार, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद शमीम आलम, अफरोज आलम, जाकिर अंसारी, नजरुल बारी, अब्दुल बारीक, मिन्हाज आलम, मोहम्मद सालेह सईद, वकील अंसारी आदि उपस्थित थे।

# आरटीसी कॉलेज के कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर का निधन, सांसद सहित अन्य ने जताया शोक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आरटीसी कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस के प्रोफेसर अनिल कुमार का निधन हो गया। वे कॉलेज से घर लौटने के क्रम में बीच रास्ते में ही गश्त खाकर गिर गये थे। उसके साथ कॉलेज के प्रो कैलाश ठाकुर भी थे, जिन्होंने उनके गिरने की खबर कॉलेज में दी। इसके बाद आनन फानन में उन्हें मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रो अनिल कुमार अपने पीछे मां, पत्नी, दो बेटी एक छोटा बेटा, छोटा भाई, छोटा भाई की पत्नी और बच्चे छोड़ गए हैं। उधर, प्रोफेसर के निधन की खबर सुनकर राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व लोकसभा सांसद राम टहल चौधरी, कॉलेज निदेशक डॉ पारस नाथ महतो, प्राचार्य डॉ भीम महतो, उप प्राचार्य प्रो योगेन्द्र ठाकुर, प्रो बृज भूषण नीरज, प्रो राम कुमार महतो, प्रो अशोक, लक्ष्मण महतो, प्रो आरएन पांडे, भावेश कुमार आदि ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों के प्रति सहानुभूति जतायी है। प्रोफेसर अनिल कुमार के परिजनों ने बताया कि अनिल कुमार शुगर की बीमारी से ग्रसित थे। आशंका है कि शुगर का स्तर लो हो जाने के कारण ही प्रोफेसर गश्त खा कर गिर गये। उनके साथ चल रहे प्रोफेसर जब तक कुछ समझ पाते तबतक बहुत देर हो चुकी थी।

# 50 किसानों के बीच धान बीज का वितरण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव स्थित लैम्पस परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सहयोग से हरिहरपुर जामटोली लैंपस लिमिटेड के सदस्य किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदान में एसएवीए 7301 एनएससी कंपनी के धान बीज वितरण विधायक प्रतिनिधि प्रो करमा उरांव ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से 50 प्रतिशत अनुदान पर मिल रहे धान बीज का लाभ अवश्य लेना चाहिए। वहीं, किसानों ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा लैंपस के माध्यम से सही समय पर बीज मुहैया कराया जा रहा है। इससे किसानों को बहुत फायदा होगा। इस मौके पर बुधराम लोहरा, सारियन बरला, 12 पाड़हा राजा विशाल उरांव, उपमुखिया झुबा उरांव, ग्राम प्रधान राम प्रसाद, लोहरा लैंपस के अध्यक्ष चरवा उरांव, सोहन लोहरा, बिंदेश्वर दिलीप उरांव आदि उपस्थित थे।**

# कुर्मी समाज की बैठक में पेसा कानून में कुर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की उठी मांग



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कुर्मी विकास मोर्चा की बैठक रविवार को बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में हुई। जिसकी अध्यक्षता सोनालाल महतो ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र महतो, युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो शामिल हुए। इस अवसर पर शीतल ओहदार ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्तावित पेसा कानून में सरकार कुर्मियों की भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने उक्त मामले को लेकर राज्यभर के कुर्मी समाज को गोलबंद किये जाने की बात कही। कहा कि इस मामले को लेकर समाज की ओर से चरणबद्ध आंदोलन भी किया जायेगा। वहीं, बैठक में राज्यभर के कुर्मी समाज के गांवों में जागरूकता अभियान भी चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर ललित महतो, सबिता देवी, सुशील कुमार, सोहन कुमार, सरिता देवी और उर्मिला देवी आदि मौजूद थे।

# आजसू ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया पार्टी का 40वां स्थापना दिवस, लिया बदलाव का संकल्प



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आजसू ने रविवार को अपना 40वां स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर खिजरी विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव के नेतृत्व में खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम पहुंचे। इस मौके पर पारसनाथ उरांव ने कहा कि आजसू आंदोलन की उपज है, जिसने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई थी। यही कारण है कि आजसू को झारखंड की पीड़ा और उसकी जमीनी सच्चाई सबसे अधिक महसूस होती है। पारसनाथ उरांव ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज झारखंड में बालू और कोयला तस्करी से लेकर प्रखंड स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार तक, हर स्तर पर लूट मची है। जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि झूठ और लूट की इस सरकार को उखाड़ फेंका जाए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और जनता की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। मौके पर खिजरी विधानसभा क्षेत्र की केंद्रीय सचिव फूलकुमारी देवी, वीणा देवी, जितेंद्र सिंह, जलनाथ चौधरी, कुदरत शेख, राजू उरांव, संजय महतो, नंदकिशोर महतो, मुकेश नायक, महावीर महतो, सावित्री देवी, किरण देवी, निर्मला देवी, धर्मेंद्र सिंह, किशुन महतो, माथुर प्रसाद, अर्जुन राम, बसंती देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कल होगा नामकुम ब्लॉक का घेराव: अशोक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध कारोबार और आमजनों को हो रही लगातार परेशानियों के खिलाफ भाजपा खिजरी मंडल मंगलवार को नामकुम प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन और घेराव करेगी। इस बाबत भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर पहुंच गया है। आरोप लगाया कि प्रखंड कार्यालयों में बिना रिश्वत दिए कोई भी काम नहीं होता। आम जनता को अपनी मूलभूत कार्यों के लिए भी चक्कर काटने पड़ते है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी संसाधनों का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। राजस्व दिये बिना ही योजनाओं का संचालन हो रहा है। प्रशासनिक तंत्र आम लोगों की शिकायतों की अनदेखी कर रहा है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। इन्हीं मुद्दों को लेकर भाजपा खिजरी मंडल के नेतृत्व में मंगलवार को नामकुम ब्लॉक कार्यालय का घेराव कर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। अशोक मुंडा ने बताया कि इस आंदोलन को लोवाडीह और टाटीसिलवे मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं का भी पूर्ण समर्थन मिलेगा।

# एलिंको संस्था ने किया दिव्यांग किट का वितरण



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में रविवार को एलिम्को संस्था की ओर से सैकड़ो दिव्यांगों के बीच दिव्यांग किट का वितरण किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत शामिल हुईं। इस मौके पर एलिम्को संस्था के मुकेश श्वासी, प्रवीन कुमार, मानकी कुमारी, श्यामा देवी, सुसाना केरकेटा, पुरियो मुखिया ज्योति भगत, पंसस लक्ष्मण उरांव और समाजसेवी रंजीत आदि उपस्थित थे।

## तसर रेशम उद्योग पर केंद्रित संयुक्त समन्वय समिति (तसर) की बैठक

# पूर्वोत्तर राज्यों में उत्पादित ओक तसर के विकास पर विशेष जोर देने का लिया निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** तसर रेशम उद्योग के समग्र विकास के उद्देश्य से संयुक्त समन्वय समिति की बैठक रविवार को पिस्का नगड़ी स्थित केरेबो-केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुई। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी शिवकुमार ने की। उन्होंने तसर रेशम उद्योग की वर्तमान स्थिति, संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने राज्य रेशम विभागों के अधिकारियों और संस्थान के वैज्ञानिकों से संवाद कर उद्योग के बहुआयामी विकास हेतु समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। ट्रॉपिकल तसर के साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों में उत्पादित ओक तसर के विकास पर भी विशेष जोर दिया गया। सदस्य सचिव ने आश्वस्त किया कि तसर उद्योग के सशक्तिकरण के लिए केंद्रीय रेशम बोर्ड किसानों और राज्य सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा। उन्होंने नवाचार, प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान रांची सीएसबी-सीटीआरटीआइ के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने संस्थान की ओर से तसर रेशम उद्योग के क्षेत्र में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए लगभग 45 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन वैज्ञानिक-डी डॉ महेंद्र सिंह राठौड़ और धन्यवाद ज्ञापन डॉ केंद्रीय रेशम बोर्ड के संयुक्त सचिव नरेश बाबू ने किया।

# लापुंग में असारी पूजा संपन्न



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर गांव में रविवार को आसारी पूजा गांव के बुधवा पाहान द्वारा की गयी।गांव के सुख समृद्धि के लिए बुधवा पहान ने काली पाठ्या के अलावे रंगुआ मुर्गा, कसरी मुर्गी की बलि देकर अच्छी बारिश एवं अच्छी खेती की कामना की। गांव की महिलायें अच्छी बारिश के लिए पीपल के पेड़ पर नहा धोकर भींगे वस्त्र जल चढ़ाया। साथ ही गांव के देवी मंडप में भी जलार्पण किया। गांव के लोग बुधवा पहान द्वारा घर-घर से अक्षत जमाकर पथ्या को पाहान द्वारा खिला कर बलि दी गयी। काली पाठ्या के मांस का प्रसाद पूरे गांव के लोग प्रसाद स्वरूप अपने परिजनों के साथ मिलकर पकाकर खाये। यह पूजा आसार महीना में रथयात्रा से पूर्व की जाती है। इस दौरान खंडित भगवान शिव जी की अरघा का पूजा पाहान द्वारा किया गया।

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने आदिम जनजाति बच्चों से किया वादा में दोबारा आऊंगा और आपके साथ करूंगा भोजन

# बच्चे पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें, स्वयं को कमजोर न समझें : राज्यपाल






आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार रविवार को स्वयंसेवी संस्था विकास भारती बिशुनपुर पहुंचे। जहां सर्वप्रथम संस्था के सचिव पद्मश्री अशोक भगत एवं अन्य संस्था परिवारों के द्वारा उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत राज्यपाल संस्था के मुख्य द्वार पर स्थित स्वतंत्रता संग्राम के महानायक व झारखंड की माटी के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिसके उपरांत सृजन परिसर का भ्रमण कर संस्था के द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों अवलोकन करते हुए महिला मंडल, कारीगर पंचायत, कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा लगाये गये स्टॉल का अवलोकन किया। साथ ही सृजन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सुंदर और संतुलित पर्यावरण न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए आवश्यक है बल्कि आने वाली पीढियां के लिए भी यह एक स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक के अमूल्य उपहार जैसे वन, नदियां, पर्वत और जैव विविधता के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करें। जिसके उपरांत विकास भारती द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन परिसर का भ्रमण किया एवं ज्ञान निकेतन आश्रम में पढ़ रहे आदिम जनजाति असुर, बृजिया, कोरवा, बच्चों से कार्यक्रम मैं विलंब होने के कारण सीधा संवाद नहीं कर सके। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों से कहा कि आप बच्चे पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें स्वयं को कमजोर न समझें। आह्वान किया कि वे टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में अपनी रुचि और कौशल विकसित करें ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बन देश का नाम रोशन कर सके।

**राज्यपाल ने बच्चों से किया वादा मैं दोबारा आऊंगा :** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार कार्यक्रम में विलंब होने के कारण बच्चों से वादा करते हुए कहा कि मैं दोबारा आऊंगा तो आपके साथ बैठकर भोजन करूंगा।

**राज्यपाल ने विकास भारती संस्था की सामाजिक कार्यों की सराहना:** राज्यपाल ने विकास भारती बिशुनपुर के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था पद्मश्री अशोक भगत के नेतृत्व में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रयासरत है और अपने कार्यों से समाज में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने संस्था के सचिव अशोक भगत की लंबी आयु की कामना करते हुए कहा कि लगातार निस्वार्थ सेवा मार्ग पर चलते रहें। इससे पूर्व संस्था की उपाध्यक्ष रंजन चौधरी एवं संयुक्त सचिव महेंद्र भगत के द्वारा राज्यपाल को शोल एवं मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया, वहीं गुमला उपयुक्त उपायुत प्रेरणा दीक्षित, एसपी हारिस बिन जामा, आदि अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया। संस्था के सचिव पदम अशोक भगत ने राज्यपाल के आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारे संस्था के माध्यम से लगभग 15000 से अधिक जगहों पर कार्य किया जा रहे हैं संस्था द्वारा लगभग अब तक 10 करोड़ पौधा लगाया गया है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आश्रम में आदिम जनजाति अनुसूचित जनजाति गरीब असहाय एवं माओवादी से बचाकर उन्हें शिक्षा के साथ-साथ स्किल देकर लगातार बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण के लिए काम किया जा रहा है। इस मौके पर महेंद्र भगत भिखारी भगत, संजय कुमार पांडे पंकज सिंह कौशल कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विद्या विकास समिति ने जनजातीय अंचलों में शिक्षा की ज्योति जलाने का कार्य किया : संतोष गंगवार



**रायडीह।** आचार्य विनोभा भावे के सर्वोदयी विचारों से प्रेरित कार्मयोगी परिवार सुरत के पुरूषार्थ से 351 सरस्वती धाम नवनिर्मित अभियान के मुख्य दाताश्री मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटि चेरिटेबल ट्रस्ट सुरत गुजरात द्वारा नवनिर्मित अनि राधाबहन पोपटभाई गोलकिया कन्या छात्रावास गोपीनाथ जेम्स सुरत का 236वां सरस्वती धाम लोकार्पण, बिंदेश्वरी लाल साहु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भलमंडा आंबाटोली परिसर मे रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के करकमलो से किया गया।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि विद्या विकास समिति झारखंड परिवार ने झारखंड के जनजातीय अंचलों में शिक्षा का ज्योत जलाने का कार्य किया है। झारखंड के 213 विद्यालयों का संचालन कर अनुसूचित जनजातीय भैया बहनों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना साधारण कार्य नहीं है। उनके द्वारा जनजातीय विलुप्त पर्याय समुदाय के भैया बहन अध्यनरत है, उनके सांस्कृति अस्तित्व को संरक्षण व सहेजने का कार्य कर रही है। भवन का सिर्फ लोकार्पण उद्घाटन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि नयी संभावना है, चेतना और उज्वल भविष्य का सार्थक कदम है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि बेटी पढ़ेगी तभी देश बड़ेगा, कोई भी व्यक्ति मूल शिक्षा से वंचित ना हो। मैं विश्वास पुर्वक कह सकता हूं, जब शिक्षा का माध्यम संस्कार हो उसका उद्देश्य रोजगार नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण हो, तभी वह शिक्षा सशक्त आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर होगा। गुजरात ट्रस्ट मातुश्री के प्रमुख केशुभाई हरिभाई गोटी ने कहा कि महापुरूषों की किताब पढ़कर प्रेरणा लिया हूं, सलाह देना आसान होता है कार्य करना कठिन है। बिंदेश्वरी लाल साहु सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भलमण्डा आंबाटोली परिसर में बने नवनिर्मित राधाबहन पोपटभाई गोलकिया कन्या छात्रावास परिसर मे आम का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया। छात्रावास में दो सौ बेड की व्यवस्था होगी इसकी कुल लागत 70 लाख रूपया से नवनिर्मित हुआ है। मौके पर गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा मुख्य रूप से मौजुद थे।

## शहर में जाम की समस्या को लेकर बस स्टैंड में बैठक, उल्लंघन पर लगेगी धारा 107

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला शहर में आए दिन जाम की समस्या लगी रहती है। जाम की समस्या से समाधान के लिए थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, चैंबर व बस एसोसिएशन के बीच रविवार की शाम 5 बजे एक बैठक का आयोजन किया गया। शहर में जाम की समस्या से निजात को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि बस स्टैंड से निकलने वाली बसें लोहरदगा रोड में एम मार्ट, पालकोट रोड में शक्ति मंदिर, सिसई रोड में छठ तालाब और जशपुर रोड में स्टेडियम के पास स्टॉपेज करेंगे। निर्धारित स्थल के बीच में यात्रियों को उतरने चढ़ने पर जुमार्ना लगाया जायेगा। साथ ही 107 के तहत केस दर्ज भी होगा। वही निर्णय लिया गया कि बस के आगे चिल्लाते हुए एजेंट पैदल चलकर यात्रियों को चढ़ाते हैं उसे भी बंद किया जायेगा। मौके पर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने कहा उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पब्लिक भी प्रशासन का सहयोग करें बीच सड़क पर हाथ देकर गाड़ी को ना रूकवाए। लोगों की जानकारी के लिए शहर में माइकिंग भी कराया जायेगा। वहीं शहर के चौक चौराहा पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। शहर में दुकानदार नाली के बाहर और ऊपर सामानों को रख देते हैं, उन्हें प्रथम चेतावनी दी जायेगी इसके बाद उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूला जायेगा। थाना प्रभारी ने सड़क दुर्घटना में वृद्धि को देखते हुए सभी बाइक चालकों को हेलमेट पहनने की अपील की है। बस एसोसिएशन के पदाधिकारी ने कहा शहर में बसों के साथ ऑटो चालक भी जाम लगाते हैं। जहां-तहां ऑटो को खड़ा कर यात्रियों का चढ़ाव उतार करते हैं। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। बैठक में चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल,बबलू वर्मा, दामोदर कसेरा, शिव सोनी, निर्मल गोयल, महेश लाल, कौशल मंत्री सहित कई लोग उपस्थित थे।

## धारधार हथियार के साथ घर में घुस कर जानलेवा हमला, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** धारदार हथियार लेकर दिन दहाड़े घर में घुस कर जानलेवा हमला करने और घर में बुरी तरह तोड़ फोड़ करने को लेकर सिसई बांसटोली निवासी मनमोहन लोहरा ने सिसई थाना में रविवार को दोषियों पर कार्रवाई करते हुए परिवार के लोगों की जानमाल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। दर्ज आवेदन में कहा है कि वो केनरा बैंक गुमला में पदस्थापित है और उनकी पत्नी बाल विकास परियोजना भरनो प्रखंड में कार्यरत है। रविवार की सुबह आठ बजे मेरे घर के पड़ोस में रहने वाले सिकंदर उरांव, उसकी पत्नी वीणा देवी, भाई अनिल उरांव, अनिल का पुत्र होंडा उरांव, अनु कुमारी, सुखराम उरांव, मुनी देवी व स्व विरजी उरांव के पुत्र तेज धारदार हथियार के साथ मेरे घर तेज धारदार हथियार लेकर अचानक घुसे और मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया, मेरे माथे में गंभीर चोट लगी, जिससे मैं बेहोश हो गया। मेरे पुत्र नवीन कुमार, प्रवीण कुमार और पुत्री पुजा कुमारी पर भी उन लोगों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। आनन-फानन में सभी रेफरल अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया, इस दौरान उपरोक्त सभी लोगों ने मेरे घर के सभी खिड़की -दरवाजे और घर में रखे सामान को तोड़ फोड़ दिया और घर के सामानों को घर से बाहर फेंक दिया। पुर्व में सिकन्दर उरांव से हमलोगों के खरीदगी जमीन पर विवाद चल रहा था। सिकंदर के भाई अनिल उरांव के द्वारा दिया गये पिटीशन को सिविल कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया है, साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी गुमला द्वारा भी हमारे पक्ष में अनुमति प्रदान किया गया है। सिकंदर के भाई अनिल उरांव एवं विजय उरांव, कुलदीप उरांव मर्डर केस की सजा काट चुके हैं। उन लोगों द्वारा हमेशा मेरे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दिया जाता है। इस घटना के बाद से हम सभी परिवार काफी डरे-सहमें हुए हैं। मनमोहन लोहरा ने सभी आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए अपने और परिवार की सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ जिला कार्यकारिणी का गठन, सुरेश अध्यक्ष और शांतनु सिंह बने सचिव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ गुमला जिला के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने रविवार की अपराह्न 3 बजे डीएसपी रोड स्थित वीर कुंवर सिंह भवन में बैठक कर वर्ष 2025-28 के लिए नयी कार्यसमिति की घोषणा की। जिसमें लाल केशव नाथ शाहदेव को मुख्य संरक्षक, विजय बहादुर सिंह, गणपति सिंह, राधेश्याम सिंह, जगदीश सिंह, सूरज देव सिंह, जग नारायण सिंह, रविंद्र सिंह को संरक्षक, यशवंत सिंह, नवीन सिंह, सुनील सिंह, मुन्ना सिंह, संजय सिंह, सकलदीप सिंह, नंद किशोर सिंह, अनिल सिंह, संजीव सिंह, योगेंद्र सिंह को विशेष आमंत्रित सदस्य शंभु सिंह, देव कुमार सिंह, भोला सिंह, सिकंदर सिंह, मनमोहन सिंह को उपाध्यक्ष, शांतनु सिंह को सचिव, विपिन सिंह, ओम शंकर सिंह, विकास सिंह को सह सचिव, राजदीप सिंह राजमोहन सिंह को कोषाध्यक्ष, नीरज सिंह को मीडिया प्रभारी और अजय सिंह राणा को प्रवक्ता मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी में 19 सदस्य नामित किये गये। बैठक में पहाड़ पनारी गांव में शहीद मुंडल सिंह के प्रतिमा को शरारती तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किये जाने की निंदा की गई। कहा कि यह शहीदों का अपमान है। इस दिशा में अब तक कार्रवाई नहीं होने पर भी पुलिस प्रशासन के प्रति क्षोभ व्यक्त किया गया। कहा कि इस मुद्दे पर समाज का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मुलाकात करेगी। नई जिला कार्यसमिति की अगली बैठक छह जुलाई को होगी जिसमें वार्षिक कार्यक्रम, भवन परिसर के सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण पर योजना बनाई जायेगी। आगामी 29 जून को रांची में होने वाले बैठक में गुमला जिला के प्रतिनिधित्व पर चर्चा की गयी। उपाध्यक्ष शंभु सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




# पंत बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय

एजेंसी



**लीड्स ।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने लीड्स टेस्ट मैच की पहली पारी में अपनी बल्लेबाजी का कमाल दिखाया और टीम के लिए अहम 134 रन की पारी खेली। पंत की इस इनिंग ने भारत को पहली पारी में 471 के स्कोर तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभायी, तो वहीं इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में उन्होंने ओली पोप का कैच पकड़ा और बतौर विकेटकीपर टेस्ट क्रिकेट में 150 कैच पूरे किये।

पंत शतक के मामले में धोनी से आगे निकले टेस्ट क्रिकेट में भारतीय विकेटकीपर के सबसे ज्यादा शतक के मामले में ऋषभ पंत ने एम एस धोनी को पीछे छोड़ दिया है। उनके अब 7 शतक हो गए हैं। धोनी ने अपने टेस्ट करियर में 6 शतक लगाए थे।

23 साल बाद इंग्लैंड में एक पारी में 3 भारतीय बैटर्स के शतक एशिया से बाहर एक ही टेस्ट पारी में तीन भारतीय बल्लेबाजों द्वारा 4 बार शतक लगाया है। सबसे पहले 1986 में सिडनी टेस्ट में गावस्कर, श्रीकांत और मोहिंदर अमरनाथ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाए। 2002 में हेडिंग्ले में द्रविड़, तेंदुलकर और गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ यह कमाल किया था। 2006 में वेस्टइंडीज के ग्रोस आइलेट मैदान पर सहवाग, द्रविड़ और मोहम्मद कैफ ने शतक जमाए थे। वहीं हेडिंग्ले टेस्ट में जायसवाल, गिल और पंत ने इंग्लैंड ने शतक लगाया।

**पंत ने टेस्ट क्रिकेट में पूरे किये 150 कैच :** ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में इस टीम के शतकवीर ओली पोप का शानदार कैच प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर लपका। पोप का कैच लेकर पंत ने भारत को राहत की सांस दिलायी साथ ही अपने टेस्ट क्रिकेट करियर में 150 कैच भी पूरे किये। पंत टेस्ट क्रिकेट में 150 कैच लेने वाले तीसरे भारतीय विकेटकीपर भी बने।

ऋषभ पंत से पहले भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 150 कैच पकड़ने वाले विकेटकीपर एमएस धोनी और सैयद किरमानी थे। एमएस धोनी ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में कुल 256 कैच लिए थे जबकि सैयद किरमानी ने कुल 160 कैच पकड़े थे। पंत अब इन दोनों दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो गये। पंत का बतौर विकेटकीपर टेस्ट में प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने खबर लिखे जाने तक 44 मैचों में 150 कैच और 15 स्टंप समेत कुल 165 शिकार किये हैं।

**पंत ने की टिम पेन और डेविड रिचर्डसन की बराबरी :** पंत के टेस्ट क्रिकेट में 150 कैच हो गये हैं और उन्होंने टिम पेन और रिचर्डसन की बराबरी कर ली। टिम पेन ने टेस्ट क्रिकेट में 35 मैचों में 150 कैच लपके थे जबकि रिचर्डसन ने 42 मैचों में कुल 150 कैच लिये थे। अब पंत एक कैच लेते ही इन दोनों से आगे निकल जायेंगे।

नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर पुरुष राज्य स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप तीसरा दिन

## सिमडेगा, खूंटी, रांची और नवल टाटा हॉकी अकादमी की टीम सेमीफाइनल में



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** हॉकी झारखंड और नवल टाटा हॉकी अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में 20 जून से 24 जून 2025 तक जमशेदपुर टाटा में आयोजित नवल टाटा हॉकी झारखंड जुनियर राज्य स्तरीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 में आज तीसरे दिन लीग के चार मैच खेले गये। जिसमे हॉकी ने हॉकी सिमडेगा ने हॉकी रांची को 1-0 से, हॉकी गुमला ने हॉकी बोकारो को 11-00 से, नवल टाटा हॉकी अकादमी ने हॉकी रामगढ़ को 13-00 से, हॉकी खूंटी ने को हॉकी हजारीबाग 3-0 से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किये। रविवार को लीग मैच के समापन के उपरांत रांची, सिमडेगा, खूंटी और नवल टाटा हॉकी अकादमी की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश की। रविवार के विभिन्न मैच में आशीष होरो- खूंटी, मसीहदास पूति-रामगढ़, विष्णु उरांव - गुमला और रोहित मिंज - सिमडेगा के खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ दी मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को सेमीफाइनल मैच हॉकी सिमडेगा बनाम हॉकी खूंटी और हॉकी रांची बनाम नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर के बीच होगा।

## पालकोट थाना क्षेत्र के टेंगरिया में अवैध संबंध के शक में हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** घटना शनिवार रात्रि लगभग 11 बाद कि बतायी जा रही है। रविवार सुबह पालकोट थाना को हत्या की सूचना मिलने के बाद पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दोसोन्धी घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। थाना प्रभारी ने बतलाया कि टेंगरिया निवासी बिट्ठू नायक उम्र 25 वर्ष की हत्या शनिवार रात्रि टांगी से मारकर किया गया। बिट्ठू का शव गांव के ही कुंवर नायक के घर के समीप मिला। मृतक के पिता लखन नायक का कहना है कि बिट्ठू की हत्या कुंवर नायक व उसकी पत्नी ने किया है। बिट्ठू हमेशा कुंवर का घर जाया करता था, अवैध संबंध के शक में कुंवर ने बिट्ठू की हत्या किया है और घर से पति पत्नी फरार हैं। पालकोट पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने व अपराधियों को पकड़ने में जुटी है।

## 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** बसिया प्रखंड के संत जोसेफ खेल मैदान में शनिवार को प्रखंड स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 -20 26 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड रांची के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अपर सचिव कुमुद झा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान कुमुद झा ने अपने संबोधन में आये सभी प्रतिभागियों को खेल के माध्यम से उज्जवल भविष्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, साथ ही सभी प्रतिभागी टीम को शुभकामनाएं देते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने का सुझाव दिया।

खेल के तहत अंडर 17 बालक बालिका एवं अंडर 15 वर्ग में बालक हेतु खेल का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रथम लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 26 बालक बालिका आयु वर्ग अंडर 15 का भी आयोजन किया गया, जिसमें उर्स लाईन बालिका मध्य विद्यालय नाटोली विजेता एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सारूडा उपविजेता रही। अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता निर्मला उच्च विद्यालय मरला एवं उपविजेता संत जोसेफ उच्च विद्यालय एवं अंडर 17 बालिका वर्ग में विजेता निर्मला उच्च विद्यालय ममरला एवं उपविजेता प्लस टू उच्च विद्यालय बसिया रहा। अतिथियों के द्वारा सभी विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ सुप्रिया भगत, बीपीओ अनुपम कुमार, लेखपाल सरिता कुमारी एवं प्रतियोगिता में शामिल सभी स्कूल के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# धनबाद रेलवे स्टेशन पर टिकट लेने जा रहे युवक की चाकू मारकर हत्या

## बीच बचाव को आये छोटे भाई पर भी हमला, गंभीर, लूट की नीयत से हमले का दावा

**छोटे भाई और दोस्त के साथ पटना जाने के लिए ट्रेन का टिकट खरीदने जा रहा था**

आजाद सिपाही संवाददाता।

**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना अंतर्गत धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर के रेलवे फाटक के समीप शनिवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की चाकू मरकर हत्या कर दी। यही नहीं, युवक को बचाने आये उसके छोटे भाई पर भी अपराधियों ने चाकू से हमला कर उसे भी घायल करने के बाद मौके से फरार हो गये। मृतक की पहचान साहिल सूरी (22) के रूप में हुई है। वह धनसार थाना क्षेत्र के मनईटांड़ का रहने वाला है। वहीं, उसका छोटा भाई विक्की सूरी भी गंभीर रूप से घायल है।



चाकू के हमले में घायल मृतक का छोटा भाई विक्की सूरी।

### लूट की नीयत से हमला

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात करीब 10 बजे साहिल सूरी अपने भाई विक्की और सुल्तान के साथ पटना जाने के लिए धनबाद स्टेशन में टिकट खरीदने जा रहा था। इसी दौरान रेलवे फाटक के पास लूट की नीयत से अज्ञात अपराधियों ने उसपर चाकू से हमला कर दिया। युवक को बचाने आये छोटे भाई विक्की को भी अपराधियों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों भाइयों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसी) पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने साहिल को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल विक्की का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, घटना की सूचना पाकर धनबाद और सरायढेला पुलिस भी अस्पताल पहुंच गयी। पुलिस ने अस्पताल में शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शराब के अवैध कारोबार को लेकर चाकूबाजी की आशंका: सिटी एसपी

दूसरी ओर, घटना को लेकर धनबाद सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सिटी एसपी ने कहा कि धनबाद स्टेशन के नजदीक अवैध रूप से शराब का कारोबार चलता था। इसी अवैध शराब के कारोबार में चाकूबाजी की घटना घटी है। सिटी एसपी की मानें तो आपसी रंजिश का एक और अन्य मामला भी है, जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने जांच का हवाला देकर फिलहाल इस मामले में अधिक जानकारी देने से मना कर दिया। हालांकि बताया कि अवैध शराब कारोबार को लेकर दो गुट की लड़ाई में यह घटना घटी है। लूट को लेकर परिजन हत्या की बात कह रहे हैं, यह सवाल पूछे जाने पर सिटी एसपी ने कहा कि लूट के मकसद से यह हत्या नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच चल रही है और जल्द ही इसका पूरी तरह खुलासा कर दिया जाएगा। कहा कि अपराधी जल्द ही गिरफ्तार होंगे।

# चिरकुंडा की वृंदावन सोसायटी के बंद आवास से लाखों की चोरी

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत वृंदावन सोसाइटी के बंद आवास से लाखों रुपए की चोरी होने का मामना सामने आया है। मकान मालिक अविनाश कुमार के ससुर महेश साव ने ताला खोलकर अंदर गए तो पता चला कि मकान में चोरी हुई है। चोरों ने वहां से लगभग 20 लाख रुपए नगद और 15 लाख रुपये मूल्य के आभूषण एवं दो डायमंड की अंगूठी चोरी कर ली है। चोर खिड़की के रास्ते घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिये हैं। उधर, घटना की सूचना पाकर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा कि मकान मालिक अविनाश कुमार घर में ताला बंद कर पिछले एक महीने से इलाज के लिए अपने गांव गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने मौके का लाभ उठाकर घटना को अंजाम दिया। वहीं, हैरत की बात यह है कि वृंदावन सोसायटी के सभी घर एक चार दिवारी के अंदर है। जिसमें 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। बावजूद इस तरह की घटना को चोरों ने बड़ी सफाई से अंजाम दिया हैं। वहीं, मकान मानिक के ससुर महेश साव ने कहा कि क्षेत्र में लगातार चोरी हो रही है। चोर बड़े आराम से घटना को अंजाम देकर पुलिस से बच भी जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है।



# झारखंड इ-रिक्शा-टोटो संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया, बेलगड़िया, पुराना बाजार फाटक और धनसार मंडल सहित धनबाद जिले के सभी सदस्यों की बैठक रविवार को धैया में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजू वर्मा ने की। बैठक में संगठन के संरक्षक बैभव सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, संस्थापक मुन्ना कुशवाहा, सचिव राजेश राम एवं महासचिव शैलेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से ई-रिक्शा चालकों के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करना, ई-रिक्शाओं के लिए शेड की सुविधा देने, ई-रिक्शा चालकों से होने वाली अवैध वसूली के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग, संगठन को और अधिक मजबूत एवं संगठित करने को लेकर आगामी रणनीतियों पर चर्चा करने के साथ ही टोटो चालको को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा देने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी मंडलों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया एवं अपनी-अपनी समस्याओं और सुझावों को रखा। इस दौरान यह संकल्प लिया गया कि ई-रिक्शा चालकों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सनोज पासवान, राजेश सिंह, मासूम खान, धर्मेंद्र गुप्ता, चंदन कुमार, विष्णु दास, अवधजी, अशर्फी साव, अमित साव, गुड्डु कुमार, अनुप केशरी, पवन साव आदि उपस्थित रहे।



## पलामू की खबरें

# आहर में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा-रांची रोड में आहर में आहर में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत होने का मामला सामने आया है। उनकी पहचान बेलवाटीकर गुरुद्वारा रोड के रहने वाले अनुराग तिवारी के बेटे आरो तिवारी और रेड़मा रांची रोड निवासी आनंद दुबे (लेस्लीगंज किरतो) के बेटे अर्पित कुमार के रूप में की गयी है। दोनों बच्चे शनिवार से घर से लापता थे, जिसका शव रविवार को एक आहर से बरामद हुआ। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों का शव कब्जे में लिया। बताया जा रहा कि दोनों बच्चे शनिवार की शाम से अपने घर से अचानक लापता हो गये। इसके बाद परिजनों ने सगे संबंधियों सहित सभी जगह दोनों बच्चों की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। वहीं, खोजबीन के दौरान रेडमा रांची रोड स्थित एक आहर में रविवार को दोनों बच्चों का शव मिला। परिजनों ने शव मिलने की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी। इधर, घटना की सूचना मिलते ही टीओपी टू थाना प्रभारी राकेश कुमार, टाइगर मोबाइल के जवान सुबिन्द कुमार, अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह और सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बच्चों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों मासूमों के शव परिजनों को सौंप दिये गये। पुलिस मामला दर्ज कर गहराई से जांच कर रही है।

# पलामू में टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू पुलिस ने कुख्यात टीएसपीसी एरिया कमांडर शंभू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसपर पलामू के विभिन्न इलाकों में पांच से अधिक नक्सल हमले को अंजाम देने का आरोप है। कुछ दिनों पहले पलामू पुलिस के सर्च अभियान में टीएसपीसी के एरिया कमांडर गौतम यादव को गिरफ्तार किया था। गौतम यादव के पकड़े जाने के बाद शंभू सिंह को टीएसपीसी ने एरिया कमांडर बनाया था। जानकारी के मुताबिक पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का नक्सली शंभू सिंह छतरपुर के पलवा के इलाके में रंगदारी मांगने आया हुआ है। इस सूचना के आलोक में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था, जिसमें शंभू सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके पहले 10 अक्टूबर 2024 को पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के तुरीदाग के इलाके में टीएसपीसी का दस्ता रुके होने की सूचना मिली थी, जिसके तहत पुलिस ने सर्च



अभियान शुरू किया था। इस दौरान पुलिस और टीएसपीसी के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें शंभू सिंह शामिल था। कुछ दिनों पहले भी पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में टीएसपीसी और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी. इसी मुठभेड़ में टीएसपीसी करियर कमांडर गौतम यादव को गोली लगी थी और बाद में वह वाराणसी से पकड़ा गया था। इस घटना में भी शंभू सिंह शामिल था. शंभू सिंह ने पलामू पुलिस को टीएसपीसी के बारे में कई बड़ी जानकारी दी है। एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि पुलिस सर्च अभियान शंभू सिंह को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस की कई बातों की जानकारी मिली है जिसके बाद आगे का अभियान चलाया जा रहा है. छापेमारे अभियान में छतरपुर के थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सब इंस्पेक्टर अनिल रजक समिति के पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# मंदिर परिसर में बने गोफ के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण

## बीसीसीएल पर लगाया टाल मटोल का आरोप





**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला नोनियां बस्ती श्री नागेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में बने गोफ के खिलाफ रविवार को ग्रामीणों का आक्रोश बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ फुट पड़ा। इस दिन ग्रामीण मंदिर परिसर में जमा होकर बीसीसीएल प्रबंधन पर टाल मटोल की नीति अपनाने का आरोप लगाया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि करीब एक वर्ष पूर्व मंदिर परिसर में गोफ हुआ था। जिसे प्रबंधन ने जैसे-तैसे भराई कर दिया था। जबकि ग्रामीणो ने प्रबंधन से बालू भराई कर गोफ भरने की मांग की थी। पर प्रबंधन का आश्वासन कोरा साबित हुआ। मंदिर परिसर में दोबारा इस स्थल पर गोफ हो गया है। इस बाबत ग्रामीणों ने झरिया विधायक रागिनी सिंह, बस्ताकोला महाप्रबंधक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को फोन पर घटना की सूचना दी, लेकिन अब तक ग्रामीणों के मांग पर पहल नहीं हुई है। कहा कि अगर मंदिर परिसर की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हुई तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगें। मंदिर झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग के किनारे है। अगर गोफ का दायरा बढ़ता रहा तो झरिया धनबाद की लाइफ लाइन कही जाने वाली मुख्य मार्ग को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। इस मौके पर मनोज चौहान, गणेश निषाद, चिंटू शर्मा, संतोष शर्मा, डब्ल्यू चौहान, वीरेंद्र चौहान, राजेश चौहान, विकास चौहान, आकाश चौहान आदि थे।

# अपर्णा पब्लिक स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अपर्णा पब्लिक स्कूल में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें छात्रों-शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक पीयूष वर्णवाल और सलोनी सिन्हा की ओर से विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केकेएस सिन्हा के अलावा केके सिंह, मोहिनी सिन्हा, रेणु कौशल, प्राचार्य डॉ अनुपम नायक शामिल थे। केकेएस सिन्हा ने कहा कि योग करने से एकाग्रता बढ़ती है। आपके कर्म में दक्षता एवं कौशल में भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना भी की। वहीं, विद्यालय के निदेशक केके सिंह ने घोषणा की कि योग को अब से दैनिक गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। प्राचार्य डॉ अनुपम नायक ने कहा कि योग यह एक जीवन शैली है जो मानसिक शांति, अनुशासन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है।

## मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# महिला उत्पीडन, घरेलू हिंसा, बाल विवाह और बाल श्रम से जुड़ी दी गयी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी/बेरमो।** गिरिडीह जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में रविवार को मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन जेएम फर्स्ट क्लास रीमा कुमारी, प्रमुख उषा देवी, सीओ शशिभूषण वर्मा और जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को महिला उत्पीडन, घरेलु हिंसा, बाल विवाह, बाल श्रम, श्रम निबंधन, खाता निबंधन, सडक दुर्घटना का मुनाफा राशि, आपदा राहत आदि के बार में जानकारी दी गयी। साथ ही सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी योजनाएं आबुआ आवास, दिव्यांग एवं वृद्धा पेंशन, पीएम आवास, डालासा की निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में पीएमईजीपी के तहत 5 लोगों को ऋण, दो लोगों को बिरसा कूप की स्वीकृति, पांच लोगों को मनरेगा जॉब कार्ड, छह लोगों को अंबेडकर आवास, पांच जनों को मंईया सम्मान योजना, दो लोगों को मत्स्य पालन का प्रमाण पत्र, एक को व्हील चेयर, दो छात्राओं को साईकिल दिया गया। इस दौरान पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार, उपप्रमुख उपेंद्र महतो, कल्याण पदाधिकारी कमलेश महतो, प्रखंड उद्यमी समन्वयक मिस्ताउल हक, सीआई रंजीत कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक मुकेश कुमार, ब्लॉक समन्वयक सुमित चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक, मुखिया प्रतिनिधि संतोष महतो, पीएलभी मोहन राम, केदार, प्रियंका वर्मा, खुशबू कुमारी, सुमित कुमार, झुमकी देवी, अनिता देवी, संगीता कुमारी आदि उपस्थित थे।




# 52 यूनिट रक्त का संग्रह, 55 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का उठाया लाभ

**मायुमं धनबाद कोल सिटी शाखा का रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित रक्तदान महा-उत्सव एवं रक्तदाता सम्मान पखवाड़ा के तहत मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोल सिटी शाखा एवं झरिया समृद्धि शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को धोबाटांड़ के शास्त्री नगर स्थित श्री अम्बे विला अपार्टमेंट में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन शाखा के मार्गदर्शक सह झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण गोयल, प्रांतीय मंडलीय उपाध्यक्ष नरेश केजरीवाल एवं प्रांतीय सहायक मंत्री राजीव सांवतिया की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया गया। इस शिविर में कुल 55 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। वहीं दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए आग्रही वीर रक्त वीरांगनाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा ले मानवता की मिशाल पेश की। उनसे संग्रहित कुल 52 यूनिट रक्त को एसजेस ब्लड सेंटर को सौंपा गया। इनमें से पहली बार आयुषी वसिष्ठ, स्वाति अग्रवाल, दीनानाथ मंडल, नीरज गुप्ता आदि ने रक्तदान किया। इनके अलावा झरिया शाखा के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर साह ने भी शिविर में अपने जीवन का 38वां रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, अतिथियों ने बताया कि हर धर्म मानवीय मूल्यों की वकालत करता है और रक्तदान करने से मानव जीवन बचता है। इसलिए सभी युवाओं को इस महादान में निर्भय होकर हिस्सा ले मानव धर्म का निर्वहन करना चाहिए। वहीं आयोजक दोनों शाखाओं के पदाधिकारियों ने बताया कि यह रक्तदान शिविर पूरी तरह मानवता को समर्पित है। हमारा उद्देश्य केवल जरूरतमंदो की मदद कर अधिक से अधिक लोगों तक रक्त पहुंचाना है, क्योंकि संसार में कोई भी ऐसी मशीन नहीं जिससे रक्त का निर्माण किया जा सके। वक्ताओं ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच की शाखाएं निरंतर पूरे भारतवर्ष में रक्तदान शिविर आयोजित करता रहता है। हमारा संकल्प एवं लक्ष्य आने वाले दिनों में अधिकाधिक रक्तदान शिविर लगाने पर है जिससे आम जनमानस को रक्त के लिए कभी भी जूझना ना पड़े। वहीं, रक्तदान के क्षेत्र में सेवा के लिए तत्पर रहने वाले एसजेस ब्लड बैंक के निदेशक आशुतोष झा को दोनों ही शाखा द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्र, पौधा एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष बंसल, सचिव रवि अग्रवाल, रक्तदान संयोजक नवदीप गोयल, सुशील मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, गौरव गर्ग, मोनी अग्रवाल, सुमिता केजरीवाल, श्वेता अग्रवाल, झरिया समृद्धि शाखा से पूर्व शाखा अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, वर्तमान अध्यक्ष जया अग्रवाल, उपाध्यक्ष अर्चना अगर, निशा अग्रवाल, पायल मित्तल, कोषाध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल आदि का योगदान सराहनीय रहा।



# सीआइएसएफ यूनिट की ओर से रंग तरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली स्थित ऑफिसर क्लब में सीआईएसएफ वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन संरक्षिका की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रंग तरंग भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बोकारो बीएसएल डीआईजी डीके सिंह ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सीआईएसएफ यूनिट सीसीएल करगली के कमांडेंट लक्ष्मी नारायण चौधरी और संरक्षिका की अध्यक्षा ट्विंकल चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएंडके प्रभारी महाप्रबंधक केएस गैवाल, सीसीएल ढोरी महाप्रबंधक रंजय सिन्हा, सीटीपीएस चंद्रपुरा उप कमांडेंट बी इस्लाम, बीटीएस बोकारो अरुण कुमार, टीटीपीएस लालपनिया सहायक कमांडेंट ऋषिकेश बसंत, बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, चंद्रपुरा थाना प्रभारी अजय सिंह आदि उपस्थित रहे। संरक्षिका की महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न तरह के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सीआईएसएफ कमांडेंट लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि रंग तरंग सांस्कृतिक संध्या एक सफल और यादगार कार्यक्रम रहा। जिसने न केवल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को उजागर किया बल्कि समुदाय के सदस्यों को एक साथ लाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान एक मल्टी एजेंसी मीटिंग का आयोजन किया गया था।



# एअर इंडिया ने सिंगापुर की दो फ्लाइट सस्पेंड की

## 19 घरेलू रूट पर उड़ानों की संख्या घटायी, 15 जुलाई तक रहेगा बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एअर इंडिया ने तीन फ्लाइट्स को 15 जुलाई तक अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया है। इसमें दो इंटरनेशनल फ्लाइट बेंगलुरू से सिंगापुर, पुणे से सिंगापुर की हैं। वहीं एक डोमेस्टिक फ्लाइट है, जो मुंबई से बागडोगरा चलती है। एयरलाइन ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।




कंपनी ने बताया कि, वे 19 रूट पर चलने वाली डोमेस्टिक फ्लाइट्स की संख्या भी घटा रहे हैं। ये सभी नैरोबॉडी विमान हैं, यह छोटे विमान होते हैं जिनमें यात्री क्षमता कम होती है। इससे पहले एयरलाइन ने वाइडबॉडी विमानों की संख्या 15% कम करने का फैसला लिया था।

उधर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एअर इंडिया को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फ्लाइट ऑपरेशन में गड़बड़ियां जारी रहीं, तो एयरलाइन का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है या वापस भी लिया जा सकता है। उधर एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच, एअर इंडिया की फ्लाइट्स ईरान, इराक और इजराइल के हवाई क्षेत्रों से होकर नहीं जायेगी। ऐसे में यूएई, कतर, ओमान और कुवैत जाने वाली फ्लाइट्स में ज्यादा समय लग सकता है। इसके अलावा यूरोप और उत्तरी अमेरिका के लिए जाने वाले विमान भी वैकल्पिक रास्ते से जायेंगे।

# अमेरिका ने तीन भारतीयों का एच-1बी वीजा रद्द किया

- अबू धाबी एयरपोर्ट से वापस भेजा, अनुमति से ज्यादा समय के लिए भारत में रुके थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अबू धाबी एयरपोर्ट पर अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम करने वाले तीन भारतीयों को वर में एंट्री से रोक दिया गया। साथ ही अमेरिकी अधिकारियों ने उनके एच-1बी वीजा रद्द भी कर दिए। इन लोगों ने भारत में अनुमति से ज्यादा समय बिताया था।

एक कर्मचारी लगभग तीन महीने तक भारत में रहा, जबकि अन्य ने तीन महीने से ज्यादा समय तक ओवर-स्टे किया। इन भारतीय नागरिकों के पास ओवर-स्टे को जस्टिफाई करने के लिए इमरजेंसी प्रूफ और एम्प्लॉयर्स की ओर से जारी किया गया लेटर भी था, लेकिन फिर भी अधिकारियों ने उन्हें भारत लौटने को कहा।

**प्रभावित कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया :** तीनों में से एक प्रभावित कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जो वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में प्रभावित कर्मचारी ने लिखा, 'अबू धाबी में हमें अमेरिकी इमिग्रेशन में भारी परेशानी हुई। हम तीन लोगों के एच-1बी वीजा रद्द कर दिये गये, क्योंकि हम भारत में दो महीने से ज्यादा रुके थे। अटॉर्नी ने एंट्री से इनकार कर दिया और 41.122(एच)(3) सील के अनुसार कारण बताते हुए वीजा पर कैंसिल सील लगा दी और हमें भारत वापस भेज दिया।'

# बिहार में वोटर लिस्ट की घर-घर जाकर होगी जांच

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने की योजना बनायी है। कई सिविल सोसाइटी संगठनों, राजनीतिक दलों और अन्य लोगों ने वोटर लिस्ट में नामों को शामिल करने और हटाने पर सवाल उठाये थे। चुनाव आयोग पर भाजपा की मदद करने के भी आरोप लगाये गये थे। ऐसे में बिहार चुनाव से पहले आयोग ने यह बड़ा फैसला लिया है। अधिकारियों का कहना है कि पूरी प्रक्रिया का पालन करने और नियमों के मुताबिक नामों को शामिल करने और हटाने के बाद भी चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाये जाते हैं। कांग्रेस समेत कई दलों ने आयोग पर भाजपा की मदद करने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने अफसोस जताया कि विस्तृत प्रोटोकॉल का पालन करने के बावजूद आयोग पर मतदाता सूची में मनमाने ढंग से नाम बढ़ाने के लिए अक्सर आरोप लगाये जाते हैं, जबकि यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ और राजनीतिक दलों की निरंतर निगरानी के तहत की जाती है।

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YDA
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor
Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth
Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD :- FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN
8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें
वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर राँची में
स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar
B.Sc, B.D.S
M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
Nursery
KG - I
KG - II

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID: bubuplayschool2025@gmail.com

Mob.: 9523367777
9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
SAMSUNG LG Panasonic PHILIPS Whirlpool vivo oppo mi realme

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्रo (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses
ADCA / DTP / C++
A+ / JAVA / PYTHON ect.
HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GST
D-4 MONTH
GET JOB
MONEY BACK

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

प्रकाशित
Verma's Today
CHAPTER WISE
CLASS - XI
2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784
9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

भारत के सबसे विश्वसनीय फर्नीचर ब्रांड Geeken लाए हैं स्टील अलमारियाँ जो चलें आपके साथ सालों साल
Geeken
Relaxed Body. Relaxed Mind.
हर त्योहार का नहीं उपहार
J.K. SALES
Hehal, Near Lakdi Tall, Piska More, Ranchi M. 9386070011, 9386070051

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**